
**सुविचार**
यदि लोग आपके लक्ष्य पर हंस नहीं रहे हैं तो समझो आपका लक्ष्य बहुत छोटा है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi



08
पिंक थ्रेड गाउन में हुस्न ए मल्लिका बनकर...

Ranchi ● Tuesday, 09 May 2023 ● Year : 01 ● Issue : 112 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com   E-Paper : epaper.thephotonnews.com

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | : | 61,764.25 |
| निफ्टी | : | 18,264.40 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,805 |
| चांदी | : | 82.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

# रांची में पांच नक्सलियों ने झारखंड पुलिस के समक्ष किया SURRENDER

- 10 लाख का इनामी जोनल कमांडर अमरजीत यादव उर्फ टिंगू, पांच लाख का इनामी सब-जोनल कमांडर सहदेव यादव उर्फ लटन, सब-जोनल कमांडर नीरू यादव उर्फ सलीम, सब-जोनल कमांडर संतोष भुईया उर्फ सुकन और दस्ता सदस्य अशोक बैगा उर्फ अशोक परहिया ने किया सरेंडर
- दो एके 56, एक एसएलआर, एक इंसास रायफल, चार मार्क दो रायफल, एक यूएस रायफल, एक एयरगन, दो देशी बंदूक, एक पिस्टल, 1855 जिंदा कारतूस, 41 अलग-अलग हथियारों के मैगजीन, 16 वायरलेस सेट, आईईडी बनाने के पाउडर, पोटाश, 25 किलो मानसिल भी शामिल

**CRIME REPORTER RANCHI :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कौलेश्वरी जोन के सब-जोनल कमांडर दस लाख के इनामी अमरजीत यादव उर्फ टिंगू सहित पांच नक्सलियों ने सोमवार को झारखंड पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। रांची आईजी जोनल ऑफिस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने आईजी अभियान एवी होमकर, डीआईजी हजारीबाग नरेंद्र सिंह, चतरा एसपी राकेश रंजन और सीआरपीएफ के आईजी विधि कुमार विधि के समक्ष सरेंडर कर दिया। सरेंडर किये गए नक्सलियों में 10 लाख का इनामी जोनल कमांडर अमरजीत यादव उर्फ टिंगू, पांच लाख का इनामी सब-जोनल कमांडर सहदेव यादव उर्फ लटन, सब-जोनल कमांडर नीरू यादव उर्फ सलीम, सब-जोनल कमांडर संतोष भुईया उर्फ सुकन और दस्ता सदस्य अशोक बैगा उर्फ अशोक परहिया शामिल हैं। सरेंडर करने के दौरान नक्सलियों ने हथियार, कारतूस और वायरलेस भी पुलिस को सौंपा। इनमें दो एके 56, एक एसएलआर, एक इंसास रायफल,चार मार्क दो रायफल, एक यूएस रायफल, एक एयरगन, दो देशी बंदूक, एक पिस्टल, 1855 जिंदा कारतूस, अलग-अलग हथियारों के मैगजीन 41, 16 वायरलेस सेट, आईईडी बनाने के पाउडर, पोटाश, मानसिल 25 किलो शामिल हैं।




रांची आईजी जोनल ऑफिस में सरेंडर करने वाले नक्सलियों की जानकारी देते पुलिस अधिकारी व पीछे खड़े नक्सली ● फोटोन न्यूज

## पांचों नक्सलियों पर कुल 223 मामले दर्ज

आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने सोमवार को बताया कि अमरजीत यादव पर चतरा में 41, बिहार के गया में 40 मामले कुल 81 मामले दर्ज हैं। सहदेव यादव पर चतरा में 26, हजारीबाग में एक, बिहार के औरंगाबाद में 10, बिहार के गया में 16 कुल 53 मामले दर्ज हैं। इसके अलावा नीरु यादव पर चतरा में 27, हजारीबाग में एक, बिहार के गया में 19 और बिहार के औरंगाबाद में 13 कुल 60 मामले दर्ज हैं। इसी प्रकार संतोश भुईंया पर चतरा में 19, बिहार के गया में पांच और औरंगाबाद में तीन कुल 27 एवं अशोक बैगा के खिलाफ चतरा में दो मामले दर्ज हैं।

## कई बड़े नक्सली कर रहे हैं आत्मसमर्पण

आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर ये नक्सली समर्पण कर रहे हैं। सभी नक्सली, झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ के पदाधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। हाल ही में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के झारखंड में रीजनल कमेटी मेंबर और 15 लाख के इनामी नक्सली इंदल गंझू ने भी सरेंडर किया, इनामी रीजनल कमांडर इंदल गंझू जिस पर चतरा, हजारीबाग, पलामू के साथ बिहार के गया और औरंगाबाद में 145 मामले दर्ज थे। आत्मसमर्पण के बाद नक्सली ने बताया था कि जमीन विवाद को लेकर व नक्सली संगठन से जुड़ गया था।

# नक्सलियों ने कहा : जमीन विवाद को लेकर उठाए हथियार



सरेंडर करने के दौरान नक्सलियों ने हथियार, कारतूस भी पुलिस को सौंपा

**CRIME REPORTER RANCHI :** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के कौलेश्वरी जोन के सब-जोनल कमांडर दस लाख के इनामी अमरजीत यादव जमीन विवाद को लेकर नक्सली बना था। उसके रिश्तेदार (गोतिया) ने उसकी जमीन हड़पने की फिराक में थे। नक्सलियों ने सोमवार को सरेंडर करने के बाद कहा कि भाकपा माओवादी संगठन के कमांडर प्रताप दास के जरिये वह संगठन में 2006 में शामिल हुआ। संगठन में शामिल होते ही रिश्तेदारों ने उसकी जमीन वापस लौटा दी। बिहार के गया जिले के बाराचट्टी के रहने वाले अमरजीत यादव के संगठन में सक्रिय रूप से काम करने और ग्रामीणों को संगठन में जोड़ने से संगठन मजबूत हो गया। इसके कार्य को देखते हुए 2006 में ही उसे एरिया कमांडर की जिम्मेवारी दी गयी। वर्ष 2008 में उसे सब-जोनल तथा 2021 में अमरजीत को कौलेश्वरी जोन का जोनल कमांडर और सचिव बनाया गया।

इसी तरह सरेंडर करने वाला सब-जोनल कमांडर सहदेव यादव चतरा के राजपुर का रहने वाला है। वह भी जमीन विवाद को लेकर संगठन में शामिल हुआ। संगठन में शामिल होते ही उसके रिश्तेदार उसका जमीन वापस लौटा दिये। सहदेव भी वर्ष 2006 में ही संगठन से जुड़ा था। सरेंडर करने वाला सब-जोनल कमांडर नीरु यादव बिहार के गया जिले के बाराचट्टी का रहने वाला था। वह भी जमीन विवाद की वजह से वर्ष 2004 में संगठन में शामिल हुआ। सरेंडर करने वाला पांचवें नक्सली दस्ता सदस्य अशोक बैगा चतरा जिले के कुंदा थाना क्षेत्र का रहने वाला है। वह भी जमीन विवाद को लेकर 2023 में भाकपा माओवादी संगठन से जुडा। सरेंडर करने वाले सब-जोनल कमांडर संतोष भुईंया चतरा जिले के प्रतापपुर का रहने वाला है। वह भाकपा माओवादी के रीजनल कमेटी सदस्य इंदल गंझू के बहकावे में आकर संगठन से 2017 में शामिल हुआ।

**BRIEF NEWS**

### झारखंड में बढ़ी तपिश, कई जिलों का तापमान 40 पार

**RANCHI :** झारखंड में तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। एक बार फिर तपिश शुरू हो गई है। हालांकि, कड़ी धूप के बीच बादलों की आवाजाही से थोड़ी राहत मिल रही है। राज्य के कई जिलों का तापमान 40 डिग्री पार हो चुका है। मौसम विभाग की मानें तो अभी मौसम का मिजाज ऐसा ही रहेगा। अभी तापमान में और बढ़ोतरी भी हो सकती है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि दर्ज की जायेगी। चार दिनों के दौरान तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी, जिससे लोगों को गर्मी का एहसास होगा। नौ मई को राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहने की संभावना है। दस मई से फिर से मौसम साफ रहने की संभावना है। उन्होंने ने बताया कि आठ मई को राज्य का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। आने वाले कुछ दिनों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 11 मई से 13 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। इस दौरान कुछ इलाकों में धूप का भी एहसास होगा। हालांकि, बारिश की संभावना व्यक्त नहीं की गयी है। विभाग ने लोगों को गर्मी से बचने की चेतावनी दी है। विभाग ने कहा है कि आने वाले कुछ दिनों में धूप के साथ तेज हवाएं भी चल सकती है। हालांकि, बादल छाए रहने से लोगों को इससे राहत मिलेगी।

### भारत के लिए तैयार पहले सी-295 विमान ने स्पेन में तीन घंटे की उड़ान भरी

**NEW DELHI :** भारतीय वायु सेना के लिए तैयार किए गए पहले सी-295 ट्रांसपोर्ट सैन्य परिवहन विमान ने तीन घंटे की पहली उड़ान कामयाबी के साथ पूरी की है। फ्रांसीसी कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने यह उड़ान परीक्षण स्पेन के सेविले में किया है। अब इसके बाद इसी साल के अंत तक वायु सेना को पहला विमान मिलने का रास्ता साफ हो गया है। फ्रांसीसी कंपनी के साथ पिछले साल सितंबर में 56 विमानों का सौदा फाइनल हुआ था। कंपनी 16 विमान स्पेन में तैयार करके भारत को 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति करेगी। इसके अलावा 40 विमानों का निर्माण दस वर्षों के भीतर टाटा कंसोर्टियम भारत में ही करेगा। एयरबस डिफेन्स ने ट्वीट किया, भारत के लिए पहले सी-295 ने सफलतापूर्वक अपनी पहली उड़ान पूरी की। यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर साल के अंत से पहले डिलीवरी का रास्ता साफ करता है। एयरबस डिफेंस एंड स्पेस में मिलिट्री एयर सिस्टम्स के प्रमुख जीन-ब्राइस ड्यूमॉन्ट ने कहा, ''यह पहली उड़ान 'मेक इन इंडिया' एयरोस्पेस कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय वायु सेना के दुनिया में सी-295 का सबसे बड़ा ऑपरेटर बनने के साथ यह कार्यक्रम भारत की परिचालन क्षमताओं में सुधार करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण भी है। एयरबस ने कहा कि भारत के लिए पहले सी-295 ने अपनी पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जो 2023 की दूसरी छमाही तक इसकी डिलीवरी की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# अभी जेल में ही रहेंगी निलंबित IAS पूजा सिंघल, 25 सितंबर अगली तारीख

## SUPREME COURT में हुई सुनवाई, नहीं मिली बेल



**SPECIAL REPORTER RANCHI :** निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के हाथ फिर निराशा लगी है। सुप्रीम कोर्ट ने पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई की जिसमें उन्हें जमानत नहीं मिली है। अभी उन्हें सितंबर तक जेल में ही रहना होगा। उनकी जमानत पर अब 25 सितंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस ए अमानुल्ला की बेंच में पूजा सिंघल की बेल पर सुनवाई हुई। अंतरिम जमानत पर वह तीन जनवरी को जेल से बाहर आयी थीं। चार फरवरी को फिर जेल चली गई। सुप्रीम कोर्ट ने फिर 10 फरवरी को दो महीने की अंतरिम जमानत की सुविधा प्रदान की थी। हाल ही में ईडी कोर्ट ने पूजा सिंघल सहित अन्य पर आरोप गठित किया है। अब इस मामले में सभी के खिलाफ ट्रायल चलेगा। ट्रायल के दौरान पूजा सिंघल जेल में रहेगी।

### पूजा सिंघल पर लगे हैं कई गंभीर आरोप

पूजा सिंघल के खिलाफ दायर चार्जशीट में भी उन पर कई गंभीर आरोप लगाये गये हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इसमें बताया है कि कैसे चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ अधिक आये थे। तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों व दूसरे निवेश की जानकारी भी एक जगह जमा की गयी है इसमें यह भी बताया गया है कि कैसे वह अपनी काली कमाई को खर्च करती थी। ईडी ने 6 मई को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी और निजी आवास के अलावा उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी. सीए सुमन सिंह के आवास से ईडी को 19.31 करोड़ रुपए नगद बरामद हुए थे।

# ED : कौन हैं अमित अग्रवाल और प्रेम प्रकाश? IAS छवि रंजन : सर मैं इन्हें नहीं पहचानता

## छह दिनों के लिए रिमांड पर हैं रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन

जमीन घोटाले मामले में ईडी मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही है। ईडी ने बीते चार मई को रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद ईडी द्वारा उन्हें छह दिनों की रिमांड पर लिया गया है। पहले दिन पूछताछ के दौरान अमित अग्रवाल और प्रेम प्रकाश से छवि रंजन ने किसी भी तरह के संबंध होने से इनकार किया। पूछताछ के दौरान ईडी के अधिकारियों ने जब छवि रंजन से प्रेम प्रकाश और अमित अग्रवाल से उनके संबंधों के विषय में पूछताछ की, तब छवि रंजन ने दोनों से किसी भी तरह के परिचय से ही इनकार कर दिया। लेकिन ईडी के अधिकारियों ने जब दोनों से परिचय के संबंध में सबूत दिखाए, तो छवि रंजन ने चुप्पी साध ली। वहीं दूसरी ईडी के अधिकारियो ने छवि रंजन से पूछताछ के दौरान रांची के कारोबारी विष्णु अग्रवाल से परिचय के संबंध में भी पूछताछ की। छवि से ईडी अधिकारियों ने पूछा कि वह कारोबारी विष्णु अग्रवाल को कब से जानते हैं, तब छवि रंजन ने बताया कि जब उनकी पोस्टिंग रांची डीसी के रूप में हुई, तब से ही वो विष्णु अग्रवाल को जानते हैं। विष्णु अग्रवाल के पक्ष में बड़गाईं की एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री के बदले गोवा के पांच सितारा होटल की ट्रिप को लेकर भी ईडी ने सवाल पूछे। इन सब सवालों पर छवि रंजन असहज नजर आए। ईडी ने छवि से यह भी पूछा कि उन्होंने कौन- कौन सी विवादित जमीन को लेकर विष्णु अग्रवाल को फायदा पहुंचाया। ऐसे सवालों पर छवि चुप्पी साध ले रहे थे।

### विष्णु अग्रवाल से ईडी ने तीन घंटे की पूछताछ



जमीन घोटाले मामले की जांच कर रही ईडी ने आज विष्णु अग्रवाल से करीब 3 घंटे तक पूछताछ की। विष्णु अग्रवाल सोमवार सुबह 10:40 बजे ईडी कार्यालय पहुंचे थे। ईडी के सवालों का सामना नहीं कर सके। ईडी के अधिकारियों को विष्णु अग्रवाल ने अपने स्वास्थ्य का हवाला दिया और कहा कि तबीयत ठीक नहीं है। विष्णु अग्रवाल को 3 घंटे की पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। विष्णु अग्रवाल ने ऑपरेशन होने का हवाला दिया है। वह ईडी कार्यालय मेडिकल रिपोर्ट के साथ पहुंचे थे, ईडी को मेडिकल रिपोर्ट दिखाते हुए उन्होंने कहा कि वह अस्वस्थ हैं। ऐसे में ईडी ने उन्हें ऑपरेशन की रिकवरी के बाद पूछताछ के लिए आने को कहा है।

## 14वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के समापन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हुए शामिल

# राज्य में उद्योग के विस्तार की क्षमताएं विद्यमान : CM

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इस बार इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में देश के उद्यमियों के साथ-साथ विदेशों के उद्यमियों को भी भागीदारी निभाने का मौका मिला है। इस तरह के आयोजन राज्य में उद्योग को बढ़ाने का बेहतर प्रयास है। हमारी सरकार चाहती है कि इस तरह के प्रयास निरंतर मजबूती के साथ होती रहे।

मुख्यमंत्री सोमवार को मोरहाबादी मैदान में झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं जीएस मार्केटिंग के तत्वावधान में आयोजित 14वें इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश को लेकर झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स के साथ हरसंभव खड़ी रहेगी। सैकड़ों वर्षों के सफर में झारखंड को औद्योगिकीकरण के क्षेत्र में जहां खड़ा होना चाहिए था उसके अनुरूप आज नहीं दिख रहा है लेकिन हमारी सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए लगातार कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने की सभी क्षमतायें विद्यमान हैं, फिर भी देश में झारखंड पिछड़े राज्यों की श्रेणी में शामिल है जबकि देश में कई ऐसे राज्य हैं, जिनके पास उतने संसाधन नहीं हैं लेकिन आज वे अग्रणी राज्यों में शामिल हैं। यह चिंतनीय विषय है। सोरेन ने कहा कि किस प्रकार इस राज्य को आने वाले समय में एक बेहतर दिशा देकर देश के अग्रणी राज्यों में शामिल कर सकें, इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। साथ ही कहा कि झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एग्रीकल्चर के क्षेत्र में भी सकारात्मक कार्य करे।




इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के समापन समारोह में सीएम हेमंत सोरेन को सम्मानित करते लोग

### बेहतरीन उद्योग नीति बनाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने एक बेहतरीन उद्योग नीति बनाने का कार्य किया है। आज कई छोटे-बड़े कॉरपोरेट घरानों ने यहां निवेश की इच्छा जताई है। पिछले दिनों जमशेदपुर में एक बड़े कॉरपोरेट सेक्टर ने औद्योगिक इकाई स्थापित करने निमित्त शिलान्यास किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार चाहती है कि एमएसएमई उद्योग को राज्य में बढ़ावा मिले। हमारी सरकार औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए 25 प्रतिशत सब्सिडी देने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग की बेहतरी के लिए झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स कि कोई अच्छी योजना हो तो हमारी सरकार सब्सिडी बढ़ाकर 35 से 40 प्रतिशत भी करने पर विचार करेगी।

# अंकिता हत्याकांड में HC ने एमिकस क्यूरी किया नियुक्त

## राज्य सरकार ने दाखिल किया शपथ

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** दुमका की बेटी अंकिता के हत्याकांड मामले की आज झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। यह सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। इस शपथ पत्र में बताया गया कि इस हत्याकांड मामले में दो आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हो चुका है। ट्रायल जारी है। इसके साथ ही कोर्ट को बताया गया कि राज्य सरकार ने पीड़ित परिवार को 10 लाख रुपए दिया है। वहीं देवघर एम्स के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने कोर्ट को बताया कि स्थानीय सांसद ने भी अपने स्तर पर पीड़ित परिवार को 28 लाख रुपये दिया है। सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अधिवक्ता रमित सत्येंद्र को इस मामले का एमिकस क्यूरी नियुक्त किया है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 19 जून को तय की है।

### क्या है पूरा मामला

दुमका में एकतरफा प्यार में विफल रहने के बाद शाहरुख हुसैन नामक युवक ने दुमका के जरूवाडीह की रहने वाली 12वीं की छात्रा अंकिता पर 23 अगस्त, 2022 को पेट्रोल छिड़कर उसके ही घर में ही जला दिया गया था। बेहद गंभीर स्थिति में उसे दुमका के फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया था। जहां उसकी मौत हो गई थी। घटना के तुरंत बाद आरोपी शाहरुख को पुलिस ने गिरफ्तार भी कर लिया था।

## BRIEF NEWS

### बंगाल में द केरला स्टोरी फिल्म के प्रदर्शन पर रोक, सीएम ने की घोषणा

**KOLKATA :** लव जिहाद पर बनी फिल्म द केरला स्टोरी को पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया है। सोमवार को राज्य सचिवालय में मीडिया से मुखातिब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसकी घोषणा की। उन्होंने मुख्य सचिव हरि कृष्ण द्विवेदी को भी इस संबंध में विशेष निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बंगाल में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दी केरला स्टोरी का प्रदर्शन बंद रहेगा। ममता ने कहा कि फिल्म में जो चीजें दिखाई गई हैं वे बंगाल में आपसी सौहार्द के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। ममता ने कश्मीर फाइल्स का जिक्र करते हुए कहा कि एक खास समुदाय को टारगेट करने के लिए द कश्मीर फाइल्स बनाई गई थी। उसी तरह से दी केरला स्टोरी बनाई गई है एक खास समुदाय को ही टारगेट करने के लिए। ममता ने कहा कि बंगाल में भाजपा के कुछ खास कलाकार आए थे जिन्होंने बंगाल फाइल्स बनाने की भी बात की थी। इनका मकसद राज्य को बदनाम करना होता है और बंगाल को भी करेंगे। यहां सभी समुदाय के लोग मिलजुलकर रहते हैं, इसलिए शांति बनाए रखने के लिए फिल्म का प्रदर्शन बंद रहेगा।

### निष्पक्ष संदेशवाहक थे देवऋषि नारद : बघेल

**NEW DELHI :** केंद्रीय कानून एवं न्याय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहा कि देवऋषि नारद निष्पक्ष संदेश वाहक थे। पत्रकारों को देवऋषि के दिखाए मार्ग का हमेशा अनुसरण करना चाहिए। बघेल ने सोमवार को इन्द्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र की ओर से आयोजित देवऋषि नारद पत्रकार सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों को निष्पक्ष भाव से अपना कार्य करना चाहिए। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में पत्रकारिता जगत की अहम् भूमिका है। ऐसे में पत्रकारों का निष्पक्ष रहना और सत्य के आधार पर लिखना बहुत जरूरी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहुरकर ने कहा कि सोशल मीडिया और ओटीटी पर कई तरह के गलत कंटेंट हमारे बीच परोसे जा रहे हैं। इससे हमें बचना होगा और युवा पीढ़ी को बचाना होगा। सोशल मीडिया, इंटरनेट पर परोसे जा रहें कंटेंट पर नजर रखने की जरूरत है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि संवाद हमेशा बना रहना चाहिए। संवाद से हर समस्या का समाधान निकाला जा सकता था। देव ऋषि नारद सबसे बड़े संदेशवाहक थे। लेकिन हमारी फिल्मों आदि ने महर्षि नारद की छवि को गलत तरीके से दिखाया है। जबकि देवऋषि हमेशा निष्पक्ष रहे और सभी के कल्याण की भावना से काम किया। पत्रकारों को भी देवऋषि के मार्ग का हमेशा अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मीडिया नकारात्मक खबरों को अधिक दिखाता है लेकिन लोग सकारात्मक खबरों को देखना,सुनना और पढ़ना पसंद करते हैं। मीडिया को टीआरपी की रेस से निकलकर आम लोगों के मनोभाव को समझना चाहिए और उसके अनुरूप खबरों को लिखा जाना चाहिए।

### आज बंगाल आ रहे हैं गृह मंत्री अमित शाह

**KOLKATA :** आसन्न लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के लिए मछली की आंख की तरह महत्वपूर्ण बन चुके पश्चिम बंगाल के सफर पर एक बार फिर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आ रहे हैं। शाह मंगलवार को कोलकाता आ रहे हैं। यहां वो गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इसके बाद बीएसएफ और अन्य अर्धसैनिक बलों के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वप्न दासगुप्ता ने बताया कि नोबेल विजेता गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर के जयंती पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए सांस्कृतिक संगठन "खोला हवा" (खुली हवा) की ओर से निमंत्रण पर वह कोलकाता आ रहे हैं। गुरुदेव के आदर्शों पर संबोधन के लिए वह कोलकाता आ रहे हैं। दासगुप्ता ने कहा, अमित जी टैगोर के दर्शन और आध्यात्म से प्रेरित हैं।

## बिहार के भवन मंत्री अशोक चौधरी पहुंचे रांची

# केंद्र में विपक्षी पार्टियों की एकजुटता का हो रहा प्रयास, झारखंड आ सकते हैं नीतीश : अशोक

**AGENCY JHARKHAND :** साल 2024 में होने जा रही लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देशभर के विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर रहे हैं। जहां खुद संभव नहीं हो रहा वहां अपने प्रतिनिधि भेज रहे हैं। झारखंड में बिहार के भवन मंत्री अशोक चौधरी हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चाहते हैं कि देश में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़े। इसके लिए विपक्षी पार्टियों की एकजुटता का प्रयास हो रहा है। हालांकि उन्होंने अपने झारखंड आने के प्रयोजन का पार्टी को मजबूती प्रदान करना बताया। पर उन्होंने यह इनकार नहीं किया कि विपक्षी एकजुटता के लिए प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।


पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिहार के भवन मंत्री अशोक चौधरी व अन्य ● एजेंसी

**झारखंड आ सकते हैं नीतीश कुमार**

उन्होंने कहा कि अब देश की जनता बदलाव चाह रही है। ऐसे में देशभर की विपक्षी पार्टियों को एकजुट होने की जरूरत है। इसके लिए काम किया जा रहा है। झारखंड में भी जदयू के वरिष्ठ साथी आए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात भी की है। विपक्षी एकजुटता का नेता कौन होगा? इस सवाल के जवाब में उन्होंने नाम लेने से इनकार किया और कहा कि अभी एक मंच पर सभी पार्टियों को लाने का प्रयास किया जा रहा है। विपक्षी पार्टियों का नेता कौन होगा, इसका विचार सभी विपक्षी पार्टियां एक मंच पर आकर तय करेंगी। एक मंच पर देश भर की विपक्षी पार्टियां हों, इसके लिए सभी विपक्षी दलों को कंप्रामाइज करना होगा। उन्होंने कहा कि जब आप बड़ा कुछ पाना चाहते हैं तो आपको छोटे कंप्रमाइज करने पड़ते हैं।

बिहार के भवन मंत्री अशोक चौधरी ने बताया कि राज्य में जदयू को मजबूत और सशक्त करने के लिए अपने साथियों के साथ विचार-विमर्श किया। झारखंड में पार्टी को देखने के लिए दो सह प्रभारी दिए गए हैं। ये एमएलसी विजय सिंह और बेलहर बांका के विधायक मनोज यादव हैं। उन्होंने बताया कि झारखंड में जदयू की स्थिति मजबूत करने के लिए 20 मई से 30 मई तक राज्य के सभी जिले का दौरा किया जाएगा। यह काम दो फेज में किया जाएगा। इसके बाद पार्टी का धारदार बनाने के लिए नए लोगों को जोड़ने का प्रयास करेंगे। प्रदेश स्तर पर कमिटी का बठन करेंगे। जून के 15 तारीख तक ये सारा काम किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का पांचों प्रमंडल में रैली की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रमंडल स्तरीय रैली के बाद रांची में नीतीश कुमार की रैली कराने का प्रयास किया जाएगा। बातचीत के क्रम में अशोक चौधरी ने कहा कि देशभर में हमारे नेता विपक्षी एकता का प्रयास कर रहे हैं। विपक्षी एकता का यह प्रयास सकारात्मक दिशा में चल रहा है। हमारे नेता की इच्छा है कि देश में सशक्त विपक्ष हो। आने वाले चुनाव में हम भाजपा का मजबूती के साथ सामना करें। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विपक्षी एकता विस्तृत स्वरूप आपको देखने को मिलेगा। राज्य में पार्टी आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मजबूती के साथ उभरना चाहती है। इसके लिए हम सब मिलकर प्रयास कर रहे हैं। पुराने साथी के सहयोग से हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारे जो साथी हैं, उन्होंने अच्छी प्लानिंग की है। तीन-तीन जिला कर के हम दो फेज में जाएंगे।

## ग्रामीण विकास मंत्री से मिले मथुरा प्रसाद महतो



**PHOTON NEWS RANCHI:** टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सोमवार को राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र के कई जर्जर सड़कों, पुल-पुलिया की मरम्मत एवं नवीनीकरण को लेकर चर्चा की। उन्होंने सड़कों की मरम्मत के साथ - साथ पुल -पुलिया की मरम्मत कराने पर जोर दिया। कहा कि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। मिलने आए टुंडी विधायक की बातों को ध्यान पूर्वक सुन मंत्री ने जर्जर सड़कों व पुल -पुलिया की मरम्मत को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

## बाबूलाल मरांडी ने जारी किया झारखंड करप्शन का पोस्टर

**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्य में लगातार चल रही ईडी की जांच, कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक से पूछताछ और गिरफ्तारी को लेकर विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी हेमंत सोरेन की सरकार को घेर रहे हैं। कभी सवालों के जवाब देने के लिए उन्हें चैलेंज करते हैं तो कभी जनता से मिलने वाले जवाब का इंतजार करने को कहते हैं। अब एक बार फिर बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर हेमंत सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने अपने फेसबुक पर एक पोस्टर जारी की है। इस पोस्टर में उन्होंने उन 10 लोगों के नाम जारी किए हैं जो इन दिनों ईडी की रडार में है। कुछ को ईडी गिरफ्तार कर


फाइल फोटो

जेल भेज चुकी है तो कईयों से अब भी पूछताछ कर रही है। बाबूलाल मरांडी ने इसे 'द झारखंड स्टोरी' : करप्शन के किरदार नाम दिया है। उन्होंने लिखा है कि ये कवर पोस्टर किरदारों की बस एक झांकी है। इंतजार कीजिए..बाकि किरदारों के नाम आने बाकि है। बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि झारखंड में लोगों की गाढ़ी कमाई और गरीबों का खून चूसने वाले कुछ भ्रष्ट अधिकारी, सत्ता संरक्षित और पोषित दलाल लुटेरे अब ईडी की कार्रवाई से बचने के लिए रांची से दिल्ली तक ज्योतिषों के चक्कर काट रहे हैं। सत्ता के संरक्षण में भ्रष्टाचार की मलाई खाने और झारखंड के गरीबों, दलित-आदिवासियों का खून चूसने के बाद अब ज्योतिषियों की सलाह पर गरीबों को खिचड़ी खिला रहे हैं। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने फेसबुक में लिखा है कि इन भ्रष्टाचारियों पर साढ़े साती नहीं बल्कि झारखंड की गरीब जनता की आह से वक्र दृष्टि लगी है। जिसका कोई ज्योतिषीय उपाय नहीं है। अब बोया बबूल तो आम कहां से होए। इनका भविष्य सबको पता है। जल्द ही इनका राजयोग अब कारावास योग में बदलने वाला है।

**पापों का प्रायश्चित करिए**

उन्होंने अधिकारियों को सलाह भी दी है। लिखा है कि इनके आगे का समय अब आरामदेह केबिन से निकल कर अब होटवार जेल वाले कमरों में कटेगी। मेरी सलाह मानिए अब झाड़ फूंक, तंतर मंतर, ज्योतिषियों के जादू-टोना के चक्कर में पड़ने की बजाय अपने पापों का प्रायश्चित करिए। गरीबों की गाढ़ी कमाई लौटाइए। लूटी गई पाई-पाई का हिसाब के साथ जनता को सच बताइए तो शायद इसी से पाप का बोझ कुछ हल्का हो जाए।

## सरकार की कठपुतली बनकर कार्य ना करे प्रशासन : दीपक प्रकाश

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR** कदमा के शास्त्रीनगर क्षेत्र में पिछले दिनों हुए सांप्रदायिक उपद्रव मामले में प्रशासन ने निर्दोष भाजपा नेताओं एवं हिंदूवादी नेताओं पर बिना जांच किये दर्जनों गलत धाराओं को जोड़कर गिरफ्तार करने और जेल भेजे जाने को लेकर भाजपा ने सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आहूत प्रदर्शन में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा समेत जमशेदपुर के तमाम बड़े नेता व हजारों कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ हुंकार भरी। इस दौरान सभी नेताओं ने एक स्वर में जिला प्रशासन की पक्षपाती पुलिसिया कार्रवाई को गलत बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया। धरना-प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने भाजपा एवं हिंदूवादी नेताओं के सम्मानपूर्वक रिहाई एवं हेमंत सरकार के खिलाफ स्लोगन वाले पोस्टर हाथों में लेकर विरोध दर्ज कराया। मौके पर दीपक प्रकाश ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगे निर्दोष भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रशासन ने राज्य सरकार के इशारे पर जेल में डालने का जो कृत्य किया है, वो पूर्वाग्रह की पराकाष्ठा है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन के दमन के आगे जेल जाना स्वीकार किया परंतु झुकना स्वीकार नही किया। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों से बहुसंख्यक समाज के सभी पर्व-त्यौहार पर बंदिश लगाने की साजिश की है। दीपक प्रकाश ने कहा कि सरकार अगर इसी प्रकार से हिन्दू समाज की भावनाओं को दबाने का कार्य करेगी तो हिन्दू समाज अन्याय को सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन बताएं कि कदमा मामले में जिन लोगों को छोड़ा गया, उन्हें किसके इशारे पर छोड़ा गया। तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस ने बजरंग दल की तुलना पीएफआई से करने के साथ बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कर करोड़ों हिंदुओं और राम भक्तों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। दीपक प्रकाश ने जिला प्रशासन के कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि



एक मंत्री के इशारे पर राज्य सरकार की कठपुतली बनकर कार्य ना करें। आपने कानून के मयार्दा की पालन करने की शपथ ली। लेकिन पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर प्रशासन ने दर्जनों भाजपा नेताओं एवं सामाजिक कार्यकताओं को बिना जांच-पड़ताल किये एक पेशेवर अपराधी और आतंकवादी की भांति गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उन्होंने कहा कि पूरे शहर में कानून व्यवस्था रसातल में चली गई है और आपराधिक घटनाओं का ग्राफ प्रतिदिन बढ़ रहा है। प्रतिदिन चोरी, गोलीकांड, डकैती और छिनतई की घटनाओं से जनता भयाक्रांत है। परंतु प्रशासन अपराधियों को पकड़ने से अधिक निर्दोष भाजपा कार्यकर्ताओं को अपराधी की भांति पकड़ने में तत्पर रहती है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि पूरे राज्य में परिवर्तन की लहर चल रही है। कोल्हान में झामुमो-कांग्रेस के विधायक खाता नही खोल पाएंगे। ये लड़ाई लंबी लड़नी है, राज्य सरकार और जिला प्रशासन को जनता और कार्यकर्ता जवाब देंगे।

**जनता की समस्याओं से रूबरू हुए डॉ. रामेश्वर उरांव, बोले-**

## अधिकारी जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दें अन्यथा होगी कार्रवाई



**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव सोमवार को किस्को प्रखंड मुख्यालय में जनता की समस्याओं से रूबरू हुए। जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक कार्यक्रम में किसको प्रखंड के विभिन्न गांव से आम जनता एवं पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए। ग्रामीणों ने लगभग 100 आवेदन विधायक को दिया। इस जनसुनवाई कार्यक्रम में मुख्य तौर पर ग्रामीणों ने राशन से संबंधित प्राप्त आवेदन एवं आवास योजना, सड़क, शिक्षा, एवं स्वास्थ्य विभाग से संबंधित समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। इसमें ग्रामीणों की ओर से जो आवेदन प्राप्ति हुई। उन सभी का निदान के लिए विधायक से मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड प्रशासनिक पदाधिकारियों से बात करते हुए तत्काल सभी समस्याओं का निदान की बात कही। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का निदान ही हमारी प्राथमिकता है , जो भी जनता की समस्या आती है उसे प्रशासनिक पदाधिकारी प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करें ।

## बड़ाईक समुदाय को एसटी में शामिल करने के लिए आजसू ने प्रधान सचिव को सौंपा ज्ञापन

**PHOTON NEWS RANCHI:** झारखंड के विभिन्न जिलों में निवासरत लोहरा एवं बड़ाईक, चिक बड़ाईक समुदाय के सदस्यों, जिनके खतियान में दर्ज कौम कमार/लोहार, बड़ाईक है, उन्हें अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में आजसू पार्टी के नेताओं ने कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के प्रधान सचिव से सोमवार को मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पत्र में बताया गया कि ब्रिटिशकाल में किए गए जाति जनगणनाओं तथा जिला राजपत्रों के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि लोहार/कमार जनजाति के ही अंग्रेजी से हिन्दी रूपांतरण के क्रम में लोहरा शब्द प्रचलन में आया। लोहरा शब्द लोहार/कमार के लिए प्रयुक्त क्षेत्रीय नाम अथवा उपनाम हैं। मुख्य जाति लोहार/कमार के झारखंड की सूची से विलोपन होने के कारण व पर्यायवाची लोहरा क्षेत्रीय उपनाम को मूल जाति मान लेने से इस समुदाय के लाखों लोगों को अपने संवैधानिक अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। जनजाति प्रमाण पत्र हासिल करने में कठिनाई हो रही है और भूमि संबंधी अधिकारों से वंचित होना पड़ रहा है। क्योंकि राज्य में संथाल परगना, छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम लागू है, जिसके तहत जनजातियों की भूमि अधिकारों को संरक्षित किया जाता है।

**कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने डीसी और एसडीओ को लिखा पत्र**

## रामगढ़ समाहरणालय परिसर में बने पार्क का हो रहा कॉमर्शियल यूज : शहजादा अनवर



**PHOTON NEWS RAMGARH :** जिला समाहरणालय परिसर में मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क का कॉमर्शियल यूज करने का आरोप कांग्रेस ने लगाया है। सोमवार को पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर और अन्य नेताओं ने डीसी और एसडीओ को एक पत्र देकर इस मामले में कार्रवाई करने की मांग भी की है। शहजादा अनवर ने पत्र में लिखा है कि मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क बेहद ही खूबसूरत तरीके से बनाया गया है। डीएमएफटी फंड से बने इस पार्क को आम लोगों को समर्पित किया गया है लेकिन जिस तरीके से पार्क में अनियमितता बरती जा रही है उससे यह प्रतीत हो रहा है कि पार्क का ठेकेदार इसका कॉमर्शियल यूज कर रहा है। उन्होंने कहा है कि पार्क के उद्घाटन के बाद से मात्र दो महीनों में यहां का प्रवेश शुल्क तीन बार बदला गया है। पहले आम नागरिकों को इस पार्क में जाने के लिए मात्र 10 रुपये का टिकट लेना पड़ता था। बाद में यह टिकट 50 रुपये का हो गया। इसके बाद एक बार फिर दाम घटाकर 30 रुपये कर दिया गया है।

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Tuesday, 09 May 2023

## BRIEF NEWS

### महिला पत्रकार और उनके बेटे की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**RANCHI :** राजधानी रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र स्थित हरमू हाउसिंग कॉलोनी में महिला पत्रकार और उसके बेटे की मौत हो गई. बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह महिला पत्रकार और उनके एकलौते बेटे की मौत की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुटी गई. बताया जा रहा कि सुधा श्रीवास्तव के बेटे का घर में सीढ़ी पर गिरने से मौत हो गई. बेटे की मौत की खबर सुनते ही वो बेहोश हो गई. जिसके बाद रिम्स में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी मौत हो गई. महिला पत्रकार सुधा श्रीवास्तव काफी लंबे समय से बीमार चल रही थी.

### डीसी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण, व्यवस्था का लिया जायजा

**RANCHI :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने आज बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोहराबादी, रांची अवस्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की समेत संबंधित कर्मी उपस्थित थे. ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण करते हुए उपायुक्त ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

### पीएलएफआइ संगठन का एरिया कमांडर हथियार के साथ गिरफ्तार

**RANCHI :** रांची पुलिस ने प्रतिबंधित पीएलएफआइ संगठन के एरिया कमांडर को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार एरिया कमांडर का नाम राजेंद्र यादव है और वह रांची का रहनेवाला है. रांची पुलिस ने एक देसी राइफल, पीएलएफआइ पर्चा और तीन गोली बरामद किया है. रांची एसएसपी किशोर कौशल को जानकारी मिली थी कि मांडर इलाके में पीएलएफआइ संगठन का एरिया कमांडर अपने दस्ते के साथ सक्रिय है, जिसके बाद पुलिस ने छापेमारी की और रविवार देर रात मांडर इलाके के हातमा जंगल से उसे गिरफ्तार किया.

### लोहरदगा में पारिवारिक विवाद में पति की हत्या, गिरफ्तार

**LOHARDAGA :** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के बूटी पंचायत के बुटी छोटका टोली में पारिवारिक विवाद में पति की जान चली गई। पत्नी ने टांगी से मारकर पति की हत्या कर दी। मृतक की पहचान 55 वर्षीय दिलेश्वर उरांव के रूप में हुई है। घटना रविवार देर रात की है। पुलिस दलबल ने सोमवार को आरोपित पत्नी एतमनी देवी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक एतमनी देवी तीन साल से बेटी-दामाद के घर घाघरा में रहती थी। एक महीने पहले पति के साथ रहने लगी तो बराबर झगड़ा होने लगा। रविवार रात पति नशे में घर पहुंच झगड़ा करने लगा, जिसके बाद विवाद बढ़ता चला गया और पत्नी ने घर में रखी टांगी से पति के सिर पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही पति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

atom美
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

आउटसोर्सिंग कंपनी को High Court की बड़ी राहत

# रेडर सिक्योरिटी सर्विसेज को ब्लैक लिस्ट से हटाया

**PHOTON NEWS RANCHI**

आउटसोर्सिंग का काम कर रही एजेंसी रेडर सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को झारखंड हाईकोर्ट ने राहत दी है। हाईकोर्ट ने रेडर सिक्योरिटी सर्विसेज को ब्लैक लिस्ट की सूची से हटा दिया है। हाईकोर्ट में इस मामले में एजेंसी ने अपना पक्ष रखा। हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा 31 मार्च 2023 को जारी पत्र पर रोक लगा दी। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वर्ष 2021 में पूरे राज्य में सचिवालय सहित सभी जिला, प्रखंड एवं पीएमयू कार्यालयों में आउटसोर्सिंग पर कर्मियों की नियुक्ति करने के लिए संकल्प जारी किया था। इसके तहत इन कार्यालयों में आउटसोर्स से उपलब्ध कराए गए कर्मियों के विरुद्ध कंपनी को सिक्युरिटी डिपॉजिट करना था।




विभाग के इस आदेश के आलोक में मेसर्स रायडर सिक्युरिटी सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और जैप आइटी के बीच एकरारनामा हुआ। विभाग का आरोप था कि इस एकरारनामा में यह तय हुआ था कि मेसर्स रेडर प्रति कर्मी के एवज में पांच हजार रुपए सिक्युरिटी जमा करेगा, लेकिन बाद में मेसर्स रेडर और विभाग के पदाधिकारियों ने मिलकर सिक्युरिटी डिपॉजिट प्रति कर्मी पांच सौ रुपए अंकित कर दिया।विभाग ने एजेंसी पर गुमराह करने का आरोप लगाते हुए 25 फरवरी 2023 को विभागीय प्रत्रांक 301, दिनांक 31.1.2023 के आलोक में मेसर्स रेडर को सरकार के संयुक्त सचिव अरूण कुमार सिंह के द्वारा पत्र जारी कर 15 दिनों भीतर संशोधित एकरारनामा जमा करने का निर्देश दिया गया था।

एजेंसी के निदेशक का कहना है कि जैप आइटी से इस संबंध में पत्राचार किया गया एवं विभागीय सचिव को अवगत कराया गया कि एजेन्सी ने जैप आइटी से इस संबंध में उचित दिशानिर्देश मांगा है एवं विभाग को जो भी निर्देश प्राप्त होगा एजेन्सी उसका अनुपालन करेगी। जैप आइटी द्वारा एजेन्सी के पत्र के प्रतीकात्मक दिनांक 29/03/2023 को ग्रामीण विकास विभाग के अनुबंध एवं कायार्देश कि प्रति कि मांग एजेन्सी से की गई थी जिसे तत्काल एजेन्सी द्वारा उपलब्ध करा दिया गया था। एजेन्सी जैप आइटी के निर्देश का इंतजार कर ही रही थी तब तक दिनांक 31/03/2023 को सचिव ने एजेन्सी को काली सूची में डालने का फरमान जारी कर दिया गया। कंपनी के निदेशक ने कहा,विभाग यह निर्णय एकतरफा और न्यायसंगत नहीं था। इससे कंपनी की साख पर भी सवालिया निशान लगा। अब हाईकोर्ट के फैसले से कंपनी को बड़ी राहत मिली है।

## हाई कोर्ट ने अनुसंधानकर्ता को हाजिर होने का दिया निर्देश

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी मामले में दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने मामले में अनुसंधानकर्ता (आईओ) को अगली सुनवाई 19 जून में केस डायरी के साथ सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए मौखिक तौर कहा कि एफआईआर दर्ज होने के बाद अबतक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पैरवी की। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया था कि मामले में एफआईआर दर्ज हो चुका है। इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट को बताया गया था कि एफआईआर होने के बावजूद अभी तक जांच नहीं हो रही है। पूर्व की सुनवाई मामले में राज्य के डीजीपी की ओर से हाई कोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया गया था। इसमें बताया गया है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है, अब आगे की जांच की जा रही है।

कोर्ट को यह भी बताया गया था कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई गड़बड़ी की ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए जमशेदपुर एसएसपी को पत्र लिखा गया था। कोर्ट ने मामले में गृह सचिव, डीजीपी, जमशेदपुर एसएसपी को प्रतिवादी बनाया था। राजेश जायसवाल की ओर से इस मामले को लेकर जनहित याचिका दाखिल की गई है।

## असिस्टेंट इंजीनियर एग्जामिनेशन में हाईकोर्ट ने रिक्त सीटों को भरने के मामले में राज्य सरकार और जेपीएससी से मांगा जवाब

**RANCHI :** जेपीएससी द्वारा ली गई असिस्टेंट इंजीनियर एग्जामिनेशन में रिक्त पदों को भरने को लेकर संतोष कुमार महतो की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई. मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार एवं जेपीएससी को जवाब दाखिल करने के लिए 4 सप्ताह का समय दिया है. हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की सुनवाई 21 जून निर्धारित की है. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने पैरवी की।

दरअसल, असिस्टेंट इंजीनियर एग्जामिनेशन को लेकर जेपीएससी ने नवंबर 2022 में मेंरिट लिस्ट जारी किया गया था। साथ ही अप्रैल 2023 में कटऑफ मार्क्स और अभ्यर्थियों का स्कोर कार्ड जारी किया था। इसमें सिविल ब्रांच के कुल 542 पदों सहित मैकेनिकल ब्रांच के भी पदों के लिए विज्ञापन निकला था। सिविल ब्रांच के 542 पदों में से 514 सफल अभ्यर्थियों का मेरिट लिस्ट जारी किया गया।

वही 514 सफल अभ्यर्थियों में से 18 अभ्यर्थियों ने ज्वाइन नहीं किया. इससे सिविल ब्रांच के कुल 46 सीट खाली रह गए. प्रार्थी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में राज्य सरकार को कानूनन रिक्त पदों पर निर्णय लेना जरूरी है।

## किन क्षेत्रों में डायन-बिसाही को लेकर हत्या व मारपीट की सर्वाधिक घटनाएं होती हैं : हाईकोर्ट

**PHOTON NEWS RANCHI**

राज्य में डायन बिसाही को लेकर हत्या एवं मारपीट की बढ़ती घटनाओं को लेकर हाईकोर्ट के स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई।

मामले में कोर्ट ने मेंबर सेक्रेट्री, झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी (झालसा) को निर्देश दिया कि वह बताएं कि डायन बिसाही को लेकर मारपीट एवं हत्या की घटनाएं जिलों के किस-किस क्षेत्र में सर्वाधिक होती है। ऐसे जगहों को चिन्हित करते हुए शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को अवगत कराएं।

कोर्ट ने मामले की सुनवाई 5 जुलाई निर्धारित की है। मामले में एमिकस क्यूरी सुचित्रा पांडे ने पैरवी की। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई।

पूर्व में हुई सुनवाई के दौरान झालसा की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि झालसा वैसे जगह पर पहुंची है जहां डायन बिसाही जैसी घटनाएं घटित होती हैं, इन क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि डायन को लेकर होने वाली हत्या पर रोकथाम हो सके।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मेंबर सेक्रेट्री, झालसा एवं राज्य सरकार को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा था कि डायन बिसाही की रोकथाम को लेकर लोगों को जागरूक करने को लेकर क्या-क्या कदम उठाए गए हैं। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया था कि डायन बिसाही जैसी घटनाओं पर अंकुश के लिए अवेयरनेस प्रोग्राम को प्रमोट करना चाहिए।

## धनबाद भू-अर्जन पदाधिकारी जीटी रोड पर बने संरचना का मूल्यांकन कर दें रिपोर्ट : हाईकोर्ट

**PHOTON NEWS RANCHI**

धनबाद के बरवड्डा से बराकर जानेवाली जीटी रोड(6 लेन) के किनारे बने संरचना की मुआवजा से संबंधित विमल कुमार तुलसियान की याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एआर चौधरी की कोर्ट ने जिला भू अर्जन पदाधिकारी धनबाद, सीओ गोविंदपुर, अमीन या एनएचएआई के अधिकारी के समक्ष जांच कर जमीन पर अवस्थित सभी प्रकार की संरचनाओं का मूल्यांकन कर न्यायालय अपर समाहर्ता, धनबाद के समक्ष रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है, ताकि प्रार्थी के जमीन का मूल्यांकन कर उसे उचित मुआवजा दिलाया जा सके।

कोर्ट ने उक्त दिशा निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी. प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने पैरवी की. दरअसल, यह मामला धनबाद के बरवडडा से बराकर की ओर जाने वाली जीटी रोड (6 लेन) के भूमि की संरचना के अधिग्रहण से जुड़ा है।

बता दे कि इस जमीन पर प्रार्थी का कोक प्लांट है। एनएचएआई द्वारा जीटी रोड को 4 लेन से 6 लेन करने को लेकर प्रार्थी के जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। लेकिन उस जमीन पर बने संरचना का मुआवजा उसे नहीं मिल रहा था जिसे लेकर प्रार्थी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

## स्मूथ ट्रैफिक को लेकर बनी रणनीति, डीसी ने 6 जोन को जाम मुक्त करने का दिया निर्देश

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पूर्व की बैठकों में दिए गए दिशा-निदेशों के आलोक में अब तक किये गए कार्यों की समीक्षा की गई. पीपीटी के माध्यम से ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बनाये गये सभी 6 जोन में अब तक किये गये कार्य की जानकारी दी गयी.

रांचीः उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज सोमवार को को शहर में सुगम यातायात व्यवस्था से संबंधित बैठक आयोजित की गयी. समाहरणालय स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, पुलिस अधीक्षक (यातायात) श्री एचबी जमां, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, जिला परिवहन पदाधिकारी प्रवीण कुमार प्रकाश, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) जीतवाहन उरांव उपस्थित थे.

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पूर्व की बैठकों में दिए गए दिशा-निदेशों के आलोक में अब तक किये गए कार्यों की समीक्षा की गई. बैठक में पीपीटी के माध्यम से शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बनाये गये सभी 6 जोन में अब तक किये गये कार्य की जानकारी दी गयी. कई स्थानों पर और बेहतर कार्य के लिए उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधीक्षक यातायात, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) एवं जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया.

जमीन घोटालाः रांची के पूर्व डीसी व समाज कल्याण निदेशक छवि रंजन सस्पेंड, अधिसूचना जारी

जमीन घोटालाः रांची के पूर्व डीसी व समाज कल्याण निदेशक छवि रंजन सस्पेंड, अधिसूचना जारी

आपको बता दें कि रांची में स्मूथ ट्रैफिक को लेकर डीसी ने पहले भी बैठक की थी और आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया था. इसी निर्देश के आलोक में की गयी कार्रवाई की समीक्षा को लेकर बैठक की गयी. रांची शहर की सुगम यातायात व्यवस्था के लिए सभी 6 जोन में अव्यवस्थित ट्रैफिक बूथ, विज्ञापन बोर्ड, बिजली के खंभे स्थानांतरित करने, सड़क मरम्मत, फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त कराने एवं बेतरतीब ऑटो-साइकिल स्टैंड हटाने आदि का निर्देश पूर्व की बैठकों में दिया गया था.

## सीएम अपनी चचेरी बहन की शादी में सपरिवार हुए शामिल

**PHOTON NEWS RAMGARH:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी चचेरी बहन गायत्री कुमारी उर्फ गुड़िया की शादी समारोह में शामिल होने सड़क मार्ग से सोमवार शाम रामगढ़ जिले के गोला के नेमरा स्थित आवास पहुंचे। सोरेन के साथ पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन, मां रुपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन सहित उनके परिवार के सभी सदस्य नेमरा पहुंचे ।

मुख्यमंत्री के पहुंचने पर जिला प्रशासन ने उन्हें गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया। साथ ही बुके देकर उनका



स्वागत किया। इस दौरान सोरेन ने घूम-घूमकर शादी की तैयारियों का जायजा लिया। गांव के बुजुर्ग लोगों से भी हालचाल पूछा।

इस दौरान डीसी माधवी मिश्रा, एसपी पीयूष पांडे, एसडीओ मो. जावेद हुसैन, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक, बीडीओ संतोष कुमार, सीओ सुदीप एक्का, डीटीओ सौरव प्रसाद, उत्पाद आयुक्त सहित प्रशासनिक अधिकारी वहां मौजूद थे।

जानकारी के अनुसार गायत्री कुमारी की शादी सेक्टर 4 बोकारो निवासी रमेश हेम्ब्रम के साथ संपन्न होगी। बारात देर रात पहुंचेगी। विवाह को लेकर शाम में पानी काटने की रस्म को घर के पास बड़ा तालाब में निभाया गया। नेमरा स्थित आवास को दुल्हन की तरह सजाया गया है। तोरण द्वार भी जगह-जगह बनाये गये हैं। मेहमान एवं आगंतुकों के लिए भोजन की उत्तम व्यवस्था कराई गई है। सुरक्षा को लेकर जगह-जगह पुलिस बल को तैनात किया गया है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले मैचों के लिए 20 सदस्यीय महिला हॉकी टीम की घोषणा

# भारतीय टीम में झारखंड की तीन खिलाड़ी

**PHOTON NEWS RANCHI**

हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की सीरीज के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की सोमवार को घोषणा की। टीम में झारखंड के तीन खिलाड़ी हैं। डिफेंडर में निक्की प्रधान, मिडफील्डर में सलीमा टेटे और फॉरवर्ड में संगीता कुमारी। निक्की प्रधान खूंटी जिला की हैं। सलीमा टेटे और संगीता कुमारी सिमडेगा जिला की।

वर्तमान समय में तीनों ही खिलाड़ी रांची रेलवे में कार्यरत हैं। झारखंड के तीनों सहित भारतीय महिला हॉकी टीम के सभी खिलाड़ियों को हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों ने बधाई है।

यह टीम ऑस्ट्रेलिया ह्यएह्न के खिलाफ दो मैच भी खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व शीर्ष गोलकीपर सविता करेंगी, जिन्हें हाल ही में बलबीर सिंह सीनियर हॉकी इंडिया प्लेयर ऑफ द ईयर (2022) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उप कप्तान के रूप में दीप ग्रेस एक्का रहेंगी। यह दौरा हांग्जो एशियाई खेल 2023 से पहले टीम की तैयारियों का हिस्सा होगा। भारत 18 मई, 20 मई और 21 मई को ऑस्ट्रेलिया से और 25 मई और 27 मई को ऑस्ट्रेलिया ह्यएह्न से भिड़ेगा. एडिलेड का मेट स्टेडियम सभी पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

भारतीय टीम में गोलकीपरः सविता व बिछु देवी खरीबम , डिफेंडर : दीप ग्रेस एक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता व गुरजीत कौर और मिडफील्डरः निशा, नवजोत कौर, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति, बलजीत कौर।




भारतीय महिला हॉकी टीम में चयनित झारखंड की खिलाड़ी।। ● द फोटोन न्यूज

## झारखंड के नाजिम सिद्दीकी इंग्लैंड काउंटी में खेलेंगे

**PHOTON NEWS RANCHI:** सोनेट क्रिकेट क्लब के स्टार रणजी खिलाड़ी नाजिम सिद्दीकी इस वर्ष इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट में भाग लेंगे. नाजिम सिद्दीकी प्ले माउथ काउंटी क्रिकेट क्लब के लिए खेलेंगे. नाजिम इंग्लैंड पहुंच गये हैं और आगामी 4 सितंबर तक विभिन्न मैच खेलने के बाद रांची लौटेंगे। नाजिम सिद्दीकी की इस उपलब्धि पर क्लब के मुख्य कोच एसपी गौतम आसिफ सहित सभी खिलाड़ियों ने उनको शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## राजस्थान के दो विधायकों पर FIR

खड़गे को जान से मारने की धमकी का मामला



थाने में एफआईआर की कॉपी देते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष। ● द फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा राजस्थान के दो विधायकों के खिलाफ सोमवार को कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करायी गयी. प्राथमिकी आवेदन में कहा गया है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को राजस्थान के दो विधायक मणिकांत रठौर और मदन दिलावर ने जान से मारने की धमकी दी है। यह धमकी कर्नाटक चुनाव प्रचार के दौरान दी गयी है. इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उनके परिवार पर जान का खतरा मंडरा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पूरे देश में भाजपा विधायकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी जा रही है। इसी के आलोक में प्रदेश कांग्रेस द्वारा कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया। इस मौके पर राकेश सिन्हा, अमूल नीरज खलखो, रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, अजहर पप्पू, बेलस तिर्की, अजय सिंह आदि उपस्थित थे।

# LATEHAR : भाकपा माओवादी का इनामी एरिया कमांडर हथियार के साथ गिरफ्तार

PHOTON NEWS LATEHAR

भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर काजेश गंझू को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार नक्सली चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला गांव का रहने वाला है। पुलिस ने इसे हेसला गांव से ही गिरफ्तार किया। इस पर दो लाख रुपए का इनाम भी घोषित था।

एसपी अंजनी अंजन ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी का एरिया कमांडर काजेश गंझू इन दिनों अपने गांव हेसला के आसपास देखा गया है। सूचना मिलने के बाद एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र और पुलिस इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम गठित कर उग्रवादी के खिलाफ छापामारी की गई। पुलिस की टीम जैसे ही गांव पहुंची तो उग्रवादी को इसकी भनक लग गई और वह भागने का प्रयास करने लगा। लेकिन पुलिस ने उसे घेरकर धर दबोचा। उसके पास से एक देसी बंदूक तथा एक गोली भी बरामद हुई।



गिरफ्तार एरिया कमांडर व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार एरिया कमांडर लातेहार के अलावा आसपास के विभिन्न जिलों में सक्रिय था ।इस पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 24 से अधिक मामले दर्ज हैं। एसपी ने कहा कि वर्ष 2019 में चंदवा थाना क्षेत्र में जिस नक्सली हमले में चार जवान शहीद हुए थे उस हत्याकांड में भी यह शामिल था। भाकपा माओवादी के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझु का यह काफी विश्वास कमांडर था और उसके साथ सभी वारदातों में शामिल रहता था। पुलिस को इसकी कई दिनों से तलाश थी। एसपी ने कहा कि गिरफ्तार नक्सली से पुलिस को कई महत्वपूर्ण जानकारी भी प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## लोहरदगा में हथियार के साथ तीन उग्रवादी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

PHOTON NEWS LOHARDAGA

जिले के कुडू थाना क्षेत्र के मकांदु पहाड़ी स्थित बालाजी स्टोन क्रशर में पिछले महीने पोकलेन मशीन जलाने के मामले में पुलिस ने पीएलएफआई के तीन उग्रवादियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार उग्रवादियों में चान्हो थाना क्षेत्र के बालसोकरा निवासी कुशल यादव, बालूमाथ थाना क्षेत्र के सीरम गांव निवासी दीपक यादव, कैरो थाना क्षेत्र के


गिरफ्तार उग्रवादी व जानकारी देती पुलिस। ● द फोटोन न्यूज

उतका गांव निवासी कुशल यादव शामिल हैं। यह जानकारी एसडीपीओ बीएन सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी। पूछताछ के बाद तीनों उग्रवादियों को जेल भेज दिया गया।

### एसपी पीयूष पांडे ने लिया जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय, कहा–

## तीन ब्लैक स्पॉट पर तैनात होगी ट्रैफिक पुलिस

PHOTON NEWS RAMGARH

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की हो रही मौतें एक गंभीर मुद्दा बन गया है। रामगढ़ जिला प्रशासन इन हादसों को रोकने के लिए लगातार प्रयास भी कर रहा है। लेकिन लोगों की लापरवाही से मौतें भी हो रही हैं। एसपी पीयूष पांडे ने इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। सोमवार को उन्होंने बताया कि रामगढ़ एक ऐसा शहर है, जहां 2 नेशनल हाईवे पास करता है। इन दोनों सड़कों पर हाई स्पीड की वजह से लोगों की जाने जा रही हैं।


एसपी पीयूष पांडे की फाईल फोटो।

### चिन्हित किए गए हैं तीन ब्लैक स्पॉट

एसपी ने बताया कि चुटूपालू घाटी से लेकर मांडू तक तीन ब्लैक स्पॉट भी चिन्हित किए गए हैं। उन सभी स्थानों पर बैरियर लगाकर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा शहरों में भी गाड़ियों की स्पीड कम करने के लिए थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया है। एसपी ने बताया कि कई बार यह देखने को मिला है कि अनियंत्रित गाड़ियां सीधे लोगों को कुचल देती हैं। इसके पीछे की वजह उनकी लापरवाही ही होती है। उन्होंने कहा कि भारी वाहनों के ट्रांसपोर्टर और ड्राइवर को भी जागरूकता अभियान में शामिल किया जाएगा। उन लोगों को यह बताया जाएगा कि वे लंबी दूरी तय करते हैं तो उन्हें बीच में थोड़ा आराम भी करना चाहिए। कई बार उन्हें झपकी आती है और किसी परिवार की दुनिया बिखर जाती है। वे जब भी घनी आबादी क्षेत्र से गुजरे तो अपनी स्पीड को नियंत्रण में रखें।

### ट्रैफिक पुलिस को उपलब्ध कराया गया स्पीड कैमरा

एसपी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस को स्पीड कैमरा भी उपलब्ध कराया गया है, ताकि शहर में हाई स्पीड से चलने वाली गाड़ियों पर अंकुश लगाया जा सके। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं में तत्काल घायलों की मदद के लिए थाना में भी फर्स्ट एड की व्यवस्था की गई है।

## RAMGARH में कोहिनूर ज्वेलर्स से दिनदहाड़े लाखों के जेवर और कैश लूटे

PHOTON NEWS RAMGARH

रामगढ़ शहर में डकैतों का आतंक सर चढ़कर बोल रहा है। यहां एक बार फिर सोमवार की दोपहर डकैतों ने दिनदहाड़े कोहिनूर ज्वेलर्स को लूट लिया।

बताया जाता है कि नकाबपोश अपराधी हथियार के साथ दुकान में घुसे और चंद मिनटों में ही लाखों रुपए के जेवर और कैश लूटकर चलते बने। घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची है। कोहिनूर ज्वेलर्स दुकान शहर के सबसे बड़े होटल शिवम इन के ग्राउंड फ्लोर पर स्थापित है। इस स्थान पर



कोहिनूर ज्वेलर्स में लूट के बाद जुटे लोग। ● द फोटोन न्यूज

सबसे अधिक ग्राहकों की भीड़ रहती है। क्योंकि होटल, बाइक शोरूम और कई अन्य बड़ी दुकानें है। इतनी सघन आबादी वाले इलाके में हथियारबंद अपराधियों का यह तांडव लोगों को सकते में डाल दिया है। रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि अपराधियों की शिनाख्त के लिए छानबीन शुरू कर दी गई है।

## HAZARIBAG में 240 विद्यालयों का औचक निरीक्षण, नदारद मिले 74 शिक्षक

PHOTON NEWS HAZARIBAGH

उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर सोमवार को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के समय सारणी के अनुसार शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की गई। जिला स्तर पर गठित टीम ने सुबह सात बजे से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में विभिन्न प्रखंडों के कुल 240 विद्यालयों की जांच की गई, जिसमें 74 शिक्षक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए।

उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित टीम में सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ तथा जिलास्तरीय अधिकारियों समेत कुल 42 सदस्य शामिल थे। शिक्षकों की अनुपस्थिति की शिकायत पर उपायुक्त ने समेकित रूप से इस कार्य को अंजाम दिया। उपायुक्त ने


औचक निरीक्षण के दौरान उपायुक्त नैंसी सहाय। ● द फोटोन न्यूज

तीन विद्यालयों आनंदा प्लस टू हाई स्कूल, मध्य विधालय, नूरा एवं राजकीयकृत श्री कृष्ण आरक्षी बाल उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में स्वीकृत पद, कार्यरत पद, निरीक्षण के समय उपस्थित शिक्षकों की संख्या, अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शिक्षकों का नाम एवं पदनाम एवं अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शिक्षकों की अवधि की गहन जांच की। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है लेकिन कई शिक्षक अपने दायित्वों के निर्वहन में रुचि नहीं रखते हुए विद्यालयों में नहीं आते हैं। ऐसे गैरजिम्मेदार शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### उपायुक्त ने की केंद्रीय सहायता और आकांक्षी जिला योजना की समीक्षा, कहा

## लंबित व अर्द्धनिर्मित योजनाओं को समय पर करें पूरा

PHOTON NEWS KHUNTI

उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को विशेष केंद्रीय सहायता और आकांक्षी जिला योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सभी योजनाओं की समीक्षा की और लंबित और प्रक्रियाधीन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उपायुक्त ने सभी विभागों के योजनावार उसकी प्रगति और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। विशेष केंद्रीय सहायता मद के अंतर्गत लंबित कार्यों में तेजी लाते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने विशेष केंद्रीय सहायता मद अंतर्गत बिरसा मुंडा पुस्तकालय को विकसित करने का आवश्यक निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लघु सिंचाई, ग्रामीण विकास विभाग, की एजेंसियों को निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत परियोजनाओं को अतिशीघ्र पूर्ण करें।


समीक्षा बैठक में उपायुक्त शशि रंजन व अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

बैठक में उपायुक्त ने अड़की के बिरबांकी के चुकलु ग्राम में बनाई गई मशरूम इकाई से महिलाओं को जोड़ते हुए रोजगार सृजन की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि इसे महिला लखपति किसान केंद्र के रूप में विकसित किया जाय। डीसी ने कहा कि सभी योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण एवं स्थानीय स्तर पर आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करने के साथ-साथ बुनियादी सेवाओं में बढ़ोतरी करना है। साथ ही सुव्यवस्थित ढंग से ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यापक बदलाव लाने की जरूरत है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करते हुए एकीकृत एवं समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ाया जा सकें।

## रामगढ़ जिले में चल रहे विकास कार्यों की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने की समीक्षा, दिये निर्देश

PHOTON NEWS RAMGARH

जिले में चल रहे विकास कार्यों की सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा की। इस दौरान डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने विभागवार संबंधित अधिकारियों से अबतक हो चुके कार्यों एवं शेष कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर ससमय योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने विभिन्न अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को उनके उनके विभाग से संबंधित योजनाएं जिन्हें डीएमएफटी के माध्यम से पूर्ण किया जाना है से संबंधित मांग प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से


समीक्षा बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा व अन्य अधिकारी। ● द फोटोन न्यूज

लंबित दाखिल खारिज मामलों की जानकारी ली वही उपायुक्त ने मामलों के ससमय निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। विभिन्न परियोजनाओं में भूमि अधियाचना एफआरए/ एनओसी संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त में राजस्व कार्यालय एवं संबंधित अंचल अधिकारियों से इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली वहीं उपायुक्त ने जमीन अधिग्रहण के उपरांत ससमय मुआवजे का भुगतान लाभुकों को करने एवं विभिन्न परियोजनाओं को भूमि उपलब्ध कराने के तहत कार्य पूर्ण करने सहित अन्य निर्देश दिए। उपायुक्त ने विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की समीक्षा करते हुए प्रभारी पदाधिकारी सामाजिक सुरक्षा शाखा सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को नियमित रूप से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सर्वे कराकर सभी योग्य लाभुकों को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने फसल राहत व सुखाड़ राहत योजना के लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु हो रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को कार्य पूर्ण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### चार वर्ष से CTO के इंतजार में है सिरका खुली खदान

## खदान में 58 हजार टन से ज्यादा कोयले की संभावना

PHOTON NEWS RAMGARH

रामगढ़ कोयलांचल का एक अभिन्न अंग है। यहां के खदान से निकलने वाले कोयले देश को एक नई ऊर्जा देते हैं। लेकिन झारखंड सरकार के उदासीन रवैये के कारण कई खदान सूने पड़े हुए हैं। ना तो वहां खनन हो रहा है और ना ही वहां के कर्मचारियों की सुध ली जा रही है। ऐसा ही खदान सीसीएल के अरगड्डा प्रक्षेत्र का सिरका खुली खदान कोलियरी परियोजना है। सिरका कोलियरी पिछले चार वर्षों से सीटीओ का इंतजार कर रही है। इस दस्तावेज के अभाव में वहां कोयले का


सिरका की कोयले की खुली खदान। ● द फोटोन न्यूज

खनन असंभव है। कोयला खदान के लोकल सेल सेआर्थिक लाभ नहीं मिलने से बाजारों की रौनक भी बेरंग पड़ने लगी हैं।

सिरका अरगड्डा में 2015 साल के बाद दो भूमिगत खदान बंद होने का सिलसिला आरंभ हुआ था। कामगारों को अरगड्डा क्षेत्र के विभिन्न कोलियरियों में ट्रांसफर कर दिया गया था। जबकि 2019 मार्च के बाद आज तक सिरका खुली खदान से कोयला उत्पादन की राह यहां के कामगार व आम जनमानस ताक रहे हैं।

लगभग चार महीने पूर्व पर्यावरण विभाग (ईसी) के द्वारा कोलियरी सिरका के न्यू वर्कशॉप और सिरका खदान के आस-पास सुरक्षा व पर्यावरण संतुलन के लिए उठाए गए कदमों को लेकर अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। लेकिन अभी तक सीटीओ नहीं मिल पाया हैं।

यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के अरगड्डा क्षेत्रीय सह सचिव सुशील कुमार सिन्हा कहते हैं कि सीसीएल सिरका खदान की कोयले की गुणवत्ता काफी अच्छी हैं। बीते चार वर्षों से प्रबंधन के कागजातों के फाइलों में सिटीओ प्रमीशन फंस कर रह गई हैं। जिसके लिए सकारात्मक पहल करनी होगी। तब जाकर सिरका खदान के गर्भ में पड़े करीब 58 हजार टन से भी अधिक कोयला का उत्पादन किया जा सकता। इससे देश को ऊर्जा की गति में नया स्रोत मिल पाएगा।

## जुबिली कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण एवं मिशन लाइफ पर कार्यशाला का आयोजन

PHOTON NEWS RAMGARH

विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग एनएसएस प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज एनएसएस इकाई दो के तत्वावधान में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण एवं मिशन लाईफ पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि मिशन लाईफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क महतवाकांक्षी योजना है, जिसकी शुरूआत गुजरात के केवड़ीया से की गई है। इस योजना के अंतर्गत तीन बातें रिड्यूश (कमी करना), रियूज (पुनः उपयोग करना) व रिसाईक्लिंग पर फोकस करना है। इसका तात्पर्य यह है कि हमें अपने जीवन में ऐसा बदलाव लाना है, ताकि कार्बन उत्सर्जन कम से कम हो। मुख्य वक्ता अरूण कुमार सिंह झा ने कहा कि हमसबों का यह दायित्व है कि कम से कम सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग कर जल संरक्षण पर जोर दें, तभी पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। विशिष्ट वक्ता डॉ. महेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमसबों का नैतिक कत्र्तव्य है। अध्यक्षीय भाषण देते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने कहा कि हमसबों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता ही पर्यावरण संरक्षण का कारगर उपाय है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा।

## BRIEF NEWS

### गिरिडीह से आदिवासी किशोरी चार मई से लापता

GIRIDIH : जिले के पीरटांड़ प्रखंड के चिलगा पंचायत के कासाकेंद गांव की रहने वाली 14 वर्षीया एक गूंगी आदिवासी किशोरी चार मई से लापता है। किशोरी का नाम सूरजमुनि कुमारी है। लड़की के पिता बिरजू लाल मरांडी ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिता के अनुसार उनकी बेटी चार मई को चिरकी हटिया गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन पता नहीं चला। पुलिस लड़की की तलाश में जुट गई है।

### खूंटी में कल्याण गुरुकुल के 48 प्रशिक्षणार्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

KHUNTI : चन्द्रपुर, डोड़मा स्थित कल्याण गुरुकुल खूंटी में सोमवार को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य तौर पर प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षणोपरांत उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य किशोर चंद्र मोहन्ती ने की। साथ ही कार्यक्रम के अंतर्गत उपलब्ध कराए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी दी। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बैच संख्या -39 के 10 प्रशिक्षणार्थियों कोसुनरे इंडस्ट्रीज दुबई में रोजगार के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने अपने विचारों से युवाओं का उत्साह बढ़ाया। खंड विकास पदाधिकारी दयानंद कारजी ने बताया कि कल्याण गुरुकुल, खूंटी के इलेक्ट्रिशियन बैच संख्या - 41 के 21 प्रशिक्षणार्थी पुणे के लिए प्रस्थान करेंगे। साथ ही बैच संख्या- 42 के 17 छात्र ऑटोमोटिव मशीन ऑपरेटर के पद पर टीआइडीसी, चेन्नई के लिए प्रस्थान करेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचन ने सभी 48 प्रशिक्षणार्थियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी तोरपा और अंचल अधिकारी, तोरपा तथा संजना कुमारी (एमजीएनएफ) उपस्थित थी।

### बिना वैध लाइसेंस के व्यवसाय न करें दुकानदारः एसडीएम

KHUNTI : द फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड लाइसेंस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ फूड बिजनेस 2011 के अधिनियम के आलोक में खाद्य सुरक्षा प्रावधानों को लागू करने में अपेक्षित सहायता और परामर्श के लिए जिला स्तरीय परामर्शी समिति का बैठक की सोमवार को आयोजित गई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी और सदस्य सचिव ने बताया कि सभी खाद्य कारोबारी को फूड लाइसेंस रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य है। बिना वैध लाइसेंस रजिस्ट्रेशन का खाद्य कारोबार करना जुर्म है ,जिसमें सजा और जुमार्ना का प्रावधान है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट अपने किचन परिसर को साफ सफाई का ध्यान रखेंगे। मिलावटी या एक्सपायरी खाद्य सामग्री की बिक्री नहीं करेंगे। खाद सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण एवं नमूना का संग्रह किया जाएगा।

### उपायुक्त ने सुनी जनता की समस्याएं

RAMGARH : सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, रोजगार, विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### गिरिडीह के पीरटाड़ में मिला नवजात

GIRIDIH : जिले के पीरटांड प्रखंड स्थित चिरकी हटिया मैदान में एक नवजात शिशु मिला। शिशु की रोने की आवाज पर ग्रामीणों ने छानबीन शुरू की और इसकी जानकारी पीरटांड स्वास्थ्य विभाग को दी। एएनएम सोहगी कुमारी व चमेली देवी ने मौके पर पहुंच नवजात को प्राथमिक उपचार के लिए पीरटांड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। इस बाबत एएनएम सोहगी कुमारी ने बताया कि नवजात शिशु की नाभि में बंधा धागा भी अभी तक नहीं खुला है। शिशु कुछ ही घंटे पहले हुआ है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद गिरिडीह के चैताडीह शिशु हॉस्पिटल भेज दिया गया।

# ओम शांति केंद्र में शिव बाबा का लगा महाभोग



**ARARIA :** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा फारबिसगंज ने अपना 17 वां वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया। इस अवसर पर केंद्र में आयोजित समारोह की अध्यक्षता केंद्र की संचालिका बीके रुकमा दीदी ने की, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में गुल्लावाड़ी नेपाल की संचालिका बीके सुमित्रा दीदी उपस्थित थी। मंच का संचालन सिंपल सर ने किया। इस अवसर पर आराध्य शिव बाबा को भोग अर्पण कराया गया तथा केक कटिंग एवं कैंडल लाइट का आयोजन किया गया। स्वागत गान एवं सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति सान्या बहन ने दी तो गरबा नृत्य में रेखा धनावत, स्वाति दीदी एवं स्वाति ने लोगों का मनमोह लिया। संजय बोथरा ने मधुर बांसुरी की प्रस्तुति दी। अजातशत्रु अग्रवाल ने सभी बीके भाई बहनों को इस सुखद दिन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में शिव बाबा को अर्पण कराया गया भोग एवं ब्राह्मण भोज का वितरण उपस्थिति लोगों के बीच केंद्र की सह संचालिका बीके सीता दीदी एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया।

# नवादा: बालू का अवैध खनन जारी मूकदर्शक बनी POLICE

**AGENCY NAWADA :** नवादा जिले में 31 दिसंबर 2021 से नदी से बालू के उठाव पर प्रतिबंध है। बावजूद इसके नियम कानून को ताक पर रखकर घोर उल्लंघन किया जा रहा है। नवादा जिले के रजौली में बालू का अवैध कारोबार रोक पाने में पुलिस प्रशासन हो या खनन विभाग पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। यूं कहें कि बालू कारोबार के आगे रजौली प्रशासन और खनन विभाग ने घुटने टेक दिए हैं। अनुमंडल प्रशासन बालू का अवैध कारोबार करने वालों के आगे बौनी साबित हो रही है।आज तक बालू कारोबार करने वाले के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई ना जिला प्रशासन नही कर पाई है और ना खनन विभाग। नतीजतन बालू का अवैध कारोबार करने वाले माफिया धड़ल्ले से अपने कारोबार को अंजाम देने में लगे हुए हैं।अब दिन के उजाले में रजौली इलाके में धनार्जय नदी से



बालू का अवैध खनन कर ले जाता ट्रैक्टर ● एजेंसी

बालू उठाव जारी है। थाना क्षेत्र में पिछले साल से बालू के खनन पर रोक लगे रहने के बावजूद नवादा अनुमंडल सहित रजौली मे बालू माफियाओं के द्वारा खनन का धंधा बेरोकटोक जारी हैं। पहले तो पुलिस प्रशासन की डर रहती थी। जिसके कारण रात के अंधेरे में छिटपुट बालू चोरी की जाती थी। लेकिन माफियाओं के द्वारा अब दिन के उजाले में धनार्जय नदी व खूरी नदी से बालू उठाव कर दिन दहाड़े बालू लदे ट्रैक्टर गुजरना आम हो गया है। बालू की खनन कर रहे तस्करों पर रोक लगाने में पुलिस प्रशासन तमाशबीन बना हुआ है। जानकारी के अनुसार नदी घाटों में तस्करों के द्वारा अवैध बालू खनन किया जा रहा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा पूलिस को दूरभाष पर दिया जाता है। लेकिन सूचना के बाद भी प्रशासन नदी घाट पर नहीं पहुंचती है जो उनकी मिली भगत को दशार्ता है। लिहाजा क्षेत्रों में बालू के अवैध कारोबार में अंधेरगर्दी मची हुई है। थाना क्षेत्र के धनार्जय नदी हरदिया, बॉढ़ी, बंधन छपरा, मलियातरी, जम्मूआएं, भाईजीभित्ता, चितरकोली, पीपरपाती के अलावे खुरी नदी के गैरिबा बालू घाट से उठाव कर लेंगुरा व धमौल रास्ते खनन कर कई गांवों में बालू लदे ट्रैक्टर का परिचालन किया जा रहा है। माफियाओं के द्वारा प्रत्येक दिन सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर बालू की ढुलाई करा रहा है। इस मामले में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जानते हुए भी अनजान बने हुए हैं। सही मामले में अगर वरिष्ठ पुलिस पुलिस अधिकारियों की भी जांच की जाए तो निश्चित तौर पर उनकी संलिप्तता स्पष्ट हो जाएगी। बालू के अवैध कारोबार ने निश्चित तौर पर नवादा एसपी के क्रियाकलापों पर भी सवालिया निशान खड़ा कर दिया है ।जिससे वह भी संदेह के घेरे में है।

## BRIEF NEWS

### हथियारबंद अपराधियों ने फाइनेंस कंपनी में की लूट



**AGENCY CHAMPARAN :** जिले में बेखौफ हथियारबंद अपराधियों ने ढ़ाका थाना क्षेत्र के ढ़ाका पचपकड़ी रोड में स्थित स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस कम्पनी के ऑफिस से लगभग आठ लाख रुपये सोमवार को लूट लिया है। मास्क पहने अपराधी तीन बाइक पर सवार होकर करीब पांच छह की संख्या में आए और पिस्तौल व चाकू के बल पर सभी कर्मियों को एक कमरे में बंद करने के बाद दो दिनों के कलेक्शन का लगभग 8 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। अपराधियों ने ब्रांच मैनेजर सूरज कुमार और एक बैक कर्मी इमरान को चाकू से प्रहार कर जख्मी कर दिया ।वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद सिकरहना डीएसपी अशोक कुमार और ढ़ाका इंस्पेक्टर मुकेश चंद्र कुंअर मौके पर पहुंचे और घटना के समय ऑफिस में मौजूद फाइनेंस कंपनी के सभी 15 कर्मियों से पूछताछ कर रही है। इस बाबत एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस इस घटना की जांच कर रही है,वही इस मामले को लेकर उन्होंने संदेह जताते हुए कहा कि इस बैक में न तो सीसीटीवी लगा है,न ही बैक कैश ट्रांजेक्शन का कोई हिसाब किताब रखी है। उन्होंने कहा कि शनिवार और रविवार के कैश को बैक स्थानीय थाने को बिना सूचना दिये दरवाजे खोल कर गिनती कैसे कर रही थी। वह भी सुबह सात बजे उन्होंने कहा कि फाइनेंस कंपनी के ब्रांच द्धारा कई स्तरों पर लापरवाही सामने आयी है ।फिलहाल ब्रांच को सील कर दिया गया है और किसी को भी ब्रांच के अंदर जाने पर रोक लगा दी गई है। स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस कम्पनी के मैनेजर सूरज कुमार समेत सभी 15 कर्मियों को पूछताछ के लिए थाना पर लाया गया है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

### 5 किलो चांदी के जेवर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**AGENCY ARARIA :** भारत-नेपाल सीमा से सटे पथरदेवा बॉर्डर के पर नेपाली परिक्षेत्र में नेपाल पुलिस ने दो तस्करों को पांच किलो चांदी के जेवर के साथ सोमवार को गिरफ्तार किया। दोनों तस्कर भारतीय सीमा से होकर नेपाल क्षेत्र में प्रवेश किया कि उसी क्रम में नेपाल पुलिस ने दोनों को धर दबोचा और दोनों की तलाशी ली गई तो पांच किलो चांदी के आभूषण के साथ बड़ी संख्या में



आभूषण में लगने वाले पत्थर को बरामद किया। कोशी प्रदेश पुलिस कार्यालय विराटनगर से मिली जानकारी के अनुसार नेपाल भारत सीमावर्ती इलाके के सुनसरी जिला अंतर्गत हरिनगर गांव पालिका के भुटहा मरिया खोला चौक के पास सूचना के आधार पर दोनों तस्करों को दबोचा गया।पकड़े गए तस्कर में मोरंग जिले के मिक्लाजुग निवासी 39 वर्षीय भेष बाहदुर बिक के पास से एक किलो 670 ग्राम और मोरंग जिले के कटहरी निवासी संजय कुमार स्वर्णकार के पास से तीन किलो 192 ग्राम चांदी के जेवर बरामद किया गया है। जिसका कोई भी खरीद बिक्री बिल नहीं होने के कारण हिरासत में लिया गया। नेपाल पुलिस ने हिरासत में लिए गए तस्कर और जेवरात को आगे के अनुसन्धान के लिए राजश्व अनुसन्धान कार्यालय ईटहरी के सुपुर्द कर दिया। उल्लेखनीय है कि नेपाल में स्वर्ण और चांदी सस्ता है, लेकिन स्वर्ण आभूषण के कारोबारी सोना चांदी भारतीय क्षेत्र में भिजवाकर वहां के कारीगरों से गहना तैयार कर फिर वापस नेपाल मंगाकर बिक्री करने का काम करते है और इस काम में तस्कर में लगे कैरियर को एक तय रकम दी जाती है।

### बलात्कार के प्रयास पर बहू ने की श्वसुर की हत्या

**AGENCY BAGAHA :** बलात्कार करने के प्रयास पर 58 वर्षीय श्वसुर का विरोध करते हुए चाकू से हत्या करके 32 वर्षीय महिला थाना में सुबह सोमवार को पहुंच गयी। घटना बिहार के बगहा पुलिस जिला के रामनगर थानाक्षेत्र की है। महिला ने बताया कि चाकू से गोद कर उसने अपने ससुर की हत्या कर डाली है, क्योंकि वो उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश कर रहा था। महिला ने बताया कि पहले भी उसके साथ श्वसुर ने उसके साथ रेप करने कोशिश की थी। जिसको लेकर झगड़ा घर में हुआ था। थानाध्यक्ष अनंतराम ने बताया कि श्वसुर की हत्या करने के बाद महिला ने खुद इसकी सूचना दी है। महिला खुद थाने पहुंच गई। इसके बाद महिला ने घटना की पूरी बात बताई। जिसके बाद महिला को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। इस मामले में महिला के पति ने बताया कि मेरे पिता की पत्नी पर बुरी नजर पहले से थी। पहले भी उन्होंने जबरदस्ती करने का प्रयास किया था। जिसे लेकर कई बार घर में झगड़ा हुआ। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव करके मामला शांत करा दिया। उस वक्त लगा था कि धीरे-धीरे हालात सुधर जायेंगी। पति ने बताया कि इसी कारण से मेरी पहली पत्नी घर छोड़कर चली गयी। फिर दस साल बाद दूसरी शादी की, तब फिर यह घटना घट गयी।

### एसडीपीओ ने पदाधिकारियों को लगायी फटकार

**BAGAHA :** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा विभास कुमार ने सोमवार को बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि लंबित मामलों की निष्पादन में लापरवाही तथा शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने चेताया कि वैसे पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तय है जो कार्य में लापरवाही करते हो। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ने थाना अभिलेख और संचिकाओं की गहनता एवं सुक्ष्मता पूर्वक अवलोकन करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव को दिये। शराब धंधेबाजों, पशु तस्करों, असमाजिक तत्वों के विरुद्ध लगाम लगाने का आदेश देते हुए वाहन जांच अभियान युद्धस्तर पर चलाने का आदेश थानाध्यक्ष को दिया गया। उन्होंने वारंटी, फरारियों को गिरफ्तार करने, ससमय रात्रि और संध्या गश्ति निकालने, कुर्की जब्ति का ससमय निष्पादन करने का आदेश थानाध्यक्ष समेत पुलिस पदाधिकारियों को दिया। वहीं कांडों के निष्पादन में लपरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों को फटकार लगाई। इस अवसर पर थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहें।

### जक्कनपुर थाना के मालखाने में लगी आग

**PATNA :** शहर के जक्कनपुर थाना भवन के पीछे बने मालखाने में रखीं जब्त गाड़ियों में सोमवार को आग लग गयी। इससे कुछ घंटों के लिए अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची चार दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। दमकल कर्मी दीपक ने बताया कि मालखाने में रखी तीन गाड़ियों में आग लगी थी, जिसे समय रहते बुझा लिया गया। आग शार्ट सर्किट के कारण लगने की बात कही जा रही

### बरौनी रिफाइनरी ने अस्पतालों के लिए जिला प्रशासन को दिए 25 एसी

**BEGUSARAI :** इंडियन ऑयल के नीतिपरक मूल्यों और संरक्षण को चरितार्थ करते हुए बरौनी रिफाइनरी देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ बेगूसराय निवासियों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में निरंतर कार्यरत रहती है। बरौनी रिफाइनरी ने अपने सहयोग की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए कॉर्पोरेट पर्यावरण दायित्व के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए 25 एसी (एयर कंडीशनर) का योगदान दिया।

# 28 मई से 1 जून तक पल्स पोलियो अभियान का किया जाएगा आयोजन

**KISHANGNJ :** जिले में आगामी 28 मई से 01 जून तक पांच दिवसीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल कार्यान्वयन को लेकर सभी प्रखंडों में टीकाकर्मियों का एक



दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को हुआ। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने की। सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं एक अन्य चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड में टीकाकर्मी, पर्यवेक्षक, एएनएम एवं आशा को टीकाकरण अभियान के पूर्व प्रशिक्षण देने का कार्य किया गया। साथ ही लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत पोलियो की खुराक बच्चों को पिलाने के लेकर भी जानकारी दी गई। बताया गया कि पल्स पोलियो अभियान को लेकर सभी लोग तैयारी में जुट जाएं। विदित हो कि इससे पहले 04 मई को सभी प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सदर अस्पताल परिसर में आयोजित हुआ था। यह प्रशिक्षण प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार, डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ अनिशुर रहमान, यूनिसेफ के एसएमसी एजाज अहमद के द्वारा दिया गया था।

# बेगूसराय में तीन अपराधी हथियार सहित गिरफ्तार

**AGENCY BEGUSARAI :** बेगूसराय में तीन अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से बड़ी संख्या में हथियार भी बरामद किए गए हैं। सोमवार को प्रेसवार्ता में एसपी योगेन्द्र कुमार ने यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि गढ़पुरा थाना क्षेत्र के कनौसी गांव में अपराधियों के द्वारा हथियार के बल पर डरा-धमका कर कावर क्षेत्र में फसल लूटपाट करने की योजना बनाई जा रही है। हथियार से लैश अपराधी गांव में घूम रहा है। सूचना मिलते ही मेरे निर्देश पर थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने छापेमारी कर दिया। छापेमारी में कनौसी निवासी रामसागर यादव को एक देशी मास्केट राइफल के साथ गिरफ्तार किया गया है। दूसरी गिरफ्तारी उलाव ढ़ाला के समीप हुई है। बीते रात गुप्त सूचना मिली कि तीन अपराधियों द्वारा मचहा



अपराधियो के पास से बड़ी मात्रा हथियार बरामद ● एजेंसी

चौक उलाव के समीप बड़ी अपराध की घटना को अंजाम देने की योजना बनाया जा रहा है। सूचना मिलते ही सदर डीएसपी अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अपराधी शर्मा टोला उलाव निवासी रोहित कुमार को खदेड़ कर गिरफ्तार किया। जिसके पास से दो लोडेड देशी पिस्तौल, एक लोडेड देशी रिवाल्वर एवं तीन गोली बरामद किया गया। इस गिरोह ने दुकान में लूट की बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर लिया था। लेकिन समय रहते गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को देखते ही दो अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। जिनकी पहचान कर ली गई है तथा गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। एसपी ने बताया कि 23 मार्च को दीपशिखा सिनेमा हॉल के समीप मोबाईल स्नेचिंग कि घटना को अंजाम दिया गया था। इसमें अपराधी की पहचान पहचान सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से मोसादपुर निवासी देवराज कुमार एवं कपिलदेव कुमार के रूप में हुई थी। उक्त दोनों आरोपी भाई हैं तथा कपिलदेव कुमार को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जबकि देवराज कुमार को आज उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि देवराज ने पांच-छह लड़कों का गैंग बनाया था । जो शाम ढलते ही हेलमेट पहनकर मोटरसाइकिल से निकल जाते थे और महिलाओं के साथ छिनतई की घटना को अंजाम देते थे। प्रेसवार्ता में सदर डीएसपी अमित कुमार एवं संबंधित थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

# मोतिहारी पुलिस ने हत्या व आर्म्स एक्ट के चार्जशीटेड नक्सली को किया गिरफ्तार

## 13 वर्षो से फरार चल रहा था प्रद्युम्न प्रसाद

**AGENCY CHAMPARAN :** जिला पुलिस की टीम ने राजेपुर थाना क्षेत्र से एक हार्डकोर नक्सली को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान राजेपुर नारायणपुर गांव निवासी मनोहर प्रसाद के पुत्र प्रद्युम्न प्रसाद के रूप में हुई है। इसकी जानकारी देते हुए एसपी कान्तेश कुमार मिश्र ने सोमवार को बताया है कि उक्त नक्सली के विरुद्ध राजेपुर थाना में कांड संख्या- 144/10 अंकित है जो मर्डर व आर्म्स एक्ट का मामला है।



इसके अलावे शिवायपट्टी थाने में दर्ज कांड संख्या 27/91 जो 2 जून 91 का हत्या का मामला है उसमें चार्जशीट दाखिल है। बावजूद इसके वह गत 13 वर्षो से फरार चल रहा था। जिसको लेकर पकड़ीदयाल डीएसपी सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उसकी गिरफ्तारी की है। एसपी ने बताया कि छापेमारी में राजेपुर थानाध्यक्ष ललन कुमार, मुफसिल थानाध्यक्ष अवनीश कुमार, पिपराकोठी थानाध्यक्ष मनोज कुमार, तकनीकी शाखा के अखिलेश कुमार मिश्र, सअनि राजेपुर थाना अशोक कुमार पांडेय सहित रिजर्व गार्ड शामिल थे।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर याद किए गए संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेंट

**AGENCY BEGUSARAI :** विश्व रेडक्रॉस का स्थापना दिवस सोमवार को समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर में डीएम रोशन कुशवाहा ने झंडोत्तोलन करने के साथ रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेंट के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर डीएम ने कहा कि रेडक्रॉस मानवता के क्षेत्र में कार्य करने वाला एक प्रमुख वैश्विक संगठन है। जो अपनी स्थापना के बाद से ही लगातार असहाय नागरिकों एवं युद्ध प्रभावित सैनिकों के लिए कार्य कर रहा है। कोविड संक्रमण काल के दौरान भी इस संगठन ने महामारी को हराने में सहयोग किया। संगठन ने प्रभावित नागरिकों तक विभिन्न सुविधाओं एवं सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए काफी तत्परता के साथ कार्य किया है। मौके पर डीएम सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों एवं रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्यों ने समाहरणालय परिसर में पौधरोपण भी किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि विश्व रेडक्रास दिवस प्रतिवर्ष आठ मई को मनाया जाता है। यह दिवस रेडक्रॉस के संस्थापक और शान्ति के लिए पहले नोबल पुरस्कार विजेता जीन हेनरी ड्यूनेंट के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। मौके पर एडीएम राजेश कुमार सिंह, डीडीसी सुशांत कुमार, डॉ. नलिनी रंजन, प्रो. अशोक कुमार अमर एवं दिलीप सिन्हा सहित अन्य उपस्थित थे।

## जनता दरबार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 106 लोगों की सुनी फरियाद

# अधिकारियों को समाधान व कार्रवाई का दिया निर्देश

**AGENCY PATNA :** मुख्यमंत्री ने सोमवार को जनता के दरबार में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 106 लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री से बांका जिले से आए एक प्राध्यापक ने आग्रह करते हुए कहा कि मैं तिलकामांझी यूनिवर्सिटी में अध्यापन का कार्य कर रहा था। तभी बिहार बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने मेरी पिटाई कर दी। बाद में एससी-एसटी एक्ट के तहत केस भी कर दिया। हमने आरोपितों के खिलाफ पहले ही केस दर्ज कराया था लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया । नवादा जिला से आए एक फरियादी ने गुहार लगाते हुए कहा कि नवादा सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं होने



लोगो की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ● एजेंसी

से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पूर्णिया जिला से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनकी पैतृक भूमि में से 25 डिसमिल जमीन को पड़ोसी द्वारा कब्जा कर बेच दिया गया है। इस संबंध में विरोध करने पर आए दिन पड़ोसी मारपीट करते हैं। कैमूर जिला से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से कहा कि अंतजार्तीय विवाह को सरकार बढावा दे रही है लेकिन अंतजार्तीय विवाह करने के बाद भी मिलने वाले लाभ से वो वंचित हैं। कैमूर जिले से ही आए एक अन्य फरियादी ने कहा कि गैरमजरूआ जमीन की जगह रैयत का नाम दर्ज होने से पटवन के पानी को लेकर आए दिन हमलोगों को पटवन की समस्या से जुझना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बक्सर जिला से आए एक बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाया कि मेरी जमीन पर कोर्ट की डिग्री होने के बाद भी अगल-बगल के लोग जबरदस्ती कब्जा कर रहे हैं, जिससे काफी परेशानी हो रही है। इसकी शिकायत प्रशासन से करने के बाद भी अबतक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बक्सर जिला से ही आए एक अन्य फरियादी ने कहा कि सरकार द्वारा तीन डिसमिल जमीन उपलब्ध करायी गई थी मगर पड़ोसी ने उस जमीन को लेकर केस कर दिया और मेरी जमीन पर दीवार उठवा दिया। इस संबंध में प्रशासन से शिकायत की गई उसके बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। मुफ्फरपुर जि से आयी एक महिला फरियादी ने कहा कि उन्हें पुलिस ने फर्जी तरीके से एक मामले में फंसा दिया है, जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुजफ्फरपुर जिला से ही आए एक अन्य फरियादी ने कहा कि भू-लगान रसीद के लिए पैसे की मांग की जा रही है। अररिया जिला से आए एक फरियादी ने कहा कि उनकी जमीन को दबंगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया है। अपनी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए गुहार लगा रहा हूं लेकिन कोई नहीं सुन रहा है।

मधेपुरा जिला से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाया कि डॉक्टर के अभाव में स्वास्थ्य केंद्र को बंद कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण इलाके के मरीजों को इलाज में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शिवहर जि से आयी एक महिला ने कहा कि मेरे पुत्र की हत्या कर दी गई है। अब तक आरोपित पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

# अमेरिका के अर्थकोण में फंसी दुनिया

पिछले सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने यूएस फेड दर में 25 आधार बिंदुओं की वृद्धि करते हुए इसे 5.25 प्रतिशत तक पहुंचा दिया है। मार्च 2022 के बाद से यूएस फेड दर में यह लगातार 10वीं बार वृद्धि की गई है एवं वर्ष 2007 के बाद से यूएस फेड दर अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि, अमेरिका में मुद्रा स्फीति को नियंत्रण में लाने के उद्देश्य से अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यूएस फेड दर में वृद्धि की जा रही है परंतु अब उच्च ब्याज दरों का विपरीत प्रभाव अमेरिकी अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। हाल ही में दो अमेरिकी बैंक, सिलिकोन वैली बैंक एवं सिग्नेचर बैंक असफल हो चुके हैं एवं तीसरा बैंक फर्स्ट रिपब्लिक भी असफल होने की स्थिति में पहुंच गया था। उसे समय रहते जेपी मोर्गन कम्पनी को बेच दिया गया। पेसिफिक वेस्टर्न बैक एवं वेस्टर्न अलाइन्स बैंक में भी तरलता की समस्या खड़ी हो गई है। असफल हो रहे अमेरिकी बैंकों को अन्य स्वस्थ बड़े आकार के बैंकों को बेच देना, इस समस्या का स्थाई हल नहीं कहा जा सकता है। असफल हो जाने की स्थिति तक पहुंचे उक्त पांच बैंकों के अतिरिक्त छोटे आकर के अन्य कई बैंकों पर अभी भी तरलता का दबाव है और यह समस्त बैंक, ब्याज दरों में लगातार हो रही वृद्धि के चलते ही इस स्थिति में पहुंचे हैं। दरअसल, अमेरिका में बैंकों द्वारा अपनी जमाराशि का एक बड़ा हिस्सा यूएस ट्रेजरी द्वारा जारी बांड्स में निवेश किया गया है। पूर्व में इन बांड्स पर ब्याज दर कम था, परंतु अब जारी किए जा रहे बांड्स पर ब्याज दर अधिक है, जिसके चलते पूर्व में जारी किए गए बांड्स की बाजार कीमत कम हो गई है इससे बैंकों पर तरलता का दबाव आ गया है। अमेरिका में निर्मित हुई इस स्थिति के लिए पूर्ण रूप से फेडरल रिजर्व को ही जिम्मेदार माना जा रहा है। साथ ही, अमेरिका ने स्वयं भी भारी मात्रा में कर्ज ले रखा है और अमेरिकी सरकार को स्वयं भी बढ़ते ब्याज दर का दंश झेलना पड़ रहा है। अमेरिकी वित्त सचिव ने चेतावनी भरे अन्दाज में कहा है कि यदि अमेरिकी सरकार द्वारा अपने कर्ज लेने की सीमा में वृद्धि नहीं की गई तो 01 जून 2023 के बाद अमेरिका अपने ऋण के भुगतान में चूक कर सकता है। दूसरे, चूंकि अमेरिका में ब्याज दरों को लगातार बढ़ाया जा रहा है और निवेशकों द्वारा अन्य देशों से अमेरिकी डॉलर निकालकर अमेरिका में निवेश किया जा रहा हैं, अतः अन्य देशों की मुद्रा पर दबाव बढ़ता जा रहा है और इन देशों की मुद्रा का अवमूल्यन हो रहा है। इस अवमूल्यन से इन देशों द्वारा आयात किए जाने वाले उत्पाद महंगे हो रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए अन्य कई देशों द्वारा भी ब्याज दरों में वृद्धि की जा रही है और अपने देश के बैंकों को खतरे में डाला जा रहा हैं। इस प्रकार लम्बे समय में अमेरिकी आर्थिक नीतियों का असर अन्य देशों पर भी विपरीत प्रभाव डाल सकता है। पूर्व में, भारतीय रिजर्व बैंक भी, अमेरिका द्वारा लगातार की जा रही ब्याज दरों में वृद्धि को देखते हुए, रेपो दर में वृद्धि करने का निर्णय ले रहा था। परंतु, अप्रैल 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया। रिजर्व बैंक के इस निर्णय को साहसिक कदम बताया गया। भारत को देखते हुए कुछ अन्य देशों ने भी ब्याज दरों में लगातार की जा रही वृद्धि को रोक लिया है। ब्याज दरों में अब और वृद्धि भारतीय बैंकिंग उद्योग एवं उद्योग जगत को निश्चित रूप से विपरीत रूप से प्रभावित करने लगेगी क्योंकि एक तो भारत में मुद्रा स्फीति तुलनात्मक रूप से नियंत्रण में आ चुकी है और दूसरे, भारत तेज आर्थिक विकास के चक्र में शामिल हो चुका है। अप्रैल 2023 माह में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण का उच्चत्तम स्तर पर आना, बढ़ती हवाई यात्रियों की संख्या का उच्चत्तम स्तर पर आना, टोल संग्रहण में उछाल आना, अप्रैल 2023 माह में सेवा क्षेत्र के पीएमआई (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) का 13 वर्ष के उच्चत्तम स्तर 62 पर पहुंचना, जो मार्च 2023 माह में 57.8 पर था, विनिर्माण क्षेत्र के पीएमआई का चार माह के उच्चत्तम स्तर पर पहुंचना, आदि ऐसे सूचक हैं जिनसे सिद्ध होता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत स्थिति में पहुंच गई है। वर्ल्ड ऑफ स्टेटिक्स के प्रतिवेदन में भी बताया गया है कि बड़े देशों में भारत अकेला एक ऐसा देश है जहां मंदी की शून्य सम्भावना है। जबकि ब्रिटेन में 75 प्रतिशत, अमेरिका में 65 प्रतिशत, जर्मनी, इटली एवं कनाडा में 60 प्रतिशत, फ्रान्स में 50 प्रतिशत, दक्षिणी अफ्रीका में 45 प्रतिशत, मंदी आने की सम्भावना व्यक्त की गई है। अन्य कई देशों, रूस, जापान, दक्षिण कोरिया, स्पेन, ब्राजील, चीन आदि पर भी मंदी का साया मंडरा रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार, वर्ष 2023 में दुनिया में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच भारत ही पुनः सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। दूसरी ओर, हाल ही में भारत द्वारा विभिन्न देशों के साथ सम्पन्न किए गए मुक्त व्यापार समझौतों का असर भी अब भारत से उत्पादों के निर्यात पर दिखाई देने लगा है। भारत वित्तीय वर्ष 2026-27 तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को अपना निर्यात बढ़ाकर 50 अरब डॉलर तक ले जा सकता है।?दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते के कारण यह वृद्धि होने की उम्मीद की जा रही है। वर्ष 2022-23 में यूएई को 31.3 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात किया गया था। मुक्त व्यापार समझौता लागू होने के बाद भारत और यूएई के बीच विदेशी व्यापार में काफी वृद्धि हुई है।

# आचार्य महावीर द्विवेदी और 'सब तज, हरि भज'

ANALYSIS



गौरव अवस्थी

दो मई 1933 को काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा अभिनंदन ग्रंथ प्रदान करने के वक्त दिए गए अपने 'आत्म निवेदन' में वह कहते हैं - 'रेलवे की नौकरी छोड़ने पर मेरे मित्रों ने कई प्रकार से मेरी सहायता करने की इच्छा प्रकट की पर मैंने सबको अपनी कृतज्ञता की सूचना दे दी और लिख दिया कि अभी मुझे आप के साहाय्यदान की विशेष आवश्यकता नहीं। मैंने सोचा अव्यवस्थित चित्त मनुष्य की सफलता में सदा संदेह रहता है। क्यों न मैं अंगीकृत कार्य ही में अपनी सारी शक्ति लगा दूं? प्रयत्न और परिश्रम की बड़ी महिमा है। अतएव 'सब तज, हरि भज' की मसल को चरितार्थ करता हुआ इंडियन प्रेस के प्रदत्त काम ही में मैं अपनी शक्ति खर्च करने लगा।' उन्होंने अपना सारा जीवन संपादन और भाषा सुधार में खपा दिया। व्याकरण सम्मत भाषा निर्माण के लिए उनके अपने समय के लेखक- संपादक से 'लट्ठम-लट्ठ' के एक नहीं कई किस्से चर्चित ही हैं। ऐसा ही एक चर्चित किस्सा भारत मित्र के संपादक बालमुकुंद गुप्त और आचार्य द्विवेदी के बीच अस्थिर एवं अनस्थिर शब्द को लेकर हुए वाद-विवाद का है।

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की 159वीं जयंती नौ मई को है। यह हिंदी के प्रथम आचार्य को शत-शत नमन करने का दिन है। यह उनके ध्येय वाक्य 'सब तज, हरि भज' का मर्म समझने का भी है। हिंदी की इस मसल का असल भावार्थ नहीं है लेकिन हिंदी के प्रथम आचार्य माने गए महावीर प्रसाद द्विवेदी के लिए इस मसल के मायने सब काम-धाम छोड़ सिर्फ माला फेरना नहीं है। उनकी जीवन चर्या में ईश पूजा कभी शामिल नहीं रही। गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस और बृजवासी दास के ब्रजविलास ग्रंथों पर उनका बचपन से अनुराग अवश्य रहा। कर्मयोगी आचार्य द्विवेदी के लिए 'सब तज, हरि भज' मसल नहीं आदर्श वाक्य है। सूत्र है, अपना काम निष्ठा, लगन और ईमानदारी से करने के लिए प्रेरित करने वाला। दो मई 1933 को काशी नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा अभिनंदन ग्रंथ प्रदान करने के वक्त दिए गए अपने 'आत्म निवेदन' में वह कहते हैं - 'रेलवे की नौकरी छोड़ने पर मेरे मित्रों ने कई प्रकार से मेरी सहायता करने की इच्छा प्रकट की पर मैंने सबको अपनी कृतज्ञता की सूचना दे दी और लिख दिया कि अभी मुझे आप के साहाय्यदान की विशेष आवश्यकता नहीं। मैंने सोचा अव्यवस्थित चित्त मनुष्य की सफलता में सदा संदेह रहता है। क्यों न मैं अंगीकृत कार्य ही में अपनी सारी शक्ति लगा दूं? प्रयत्न और परिश्रम की बड़ी महिमा है। अतएव 'सब तज, हरि भज' की मसल को चरितार्थ करता हुआ इंडियन प्रेस के प्रदत्त काम ही में मैं अपनी शक्ति खर्च करने लगा।' उन्होंने अपना सारा जीवन संपादन और भाषा सुधार में खपा दिया। व्याकरण सम्मत भाषा निर्माण के लिए उनके अपने समय के लेखक- संपादक से 'लट्ठम-लट्ठ' के एक नहीं कई किस्से चर्चित ही हैं। ऐसा ही एक चर्चित किस्सा भारत मित्र के संपादक बालमुकुंद गुप्त और आचार्य द्विवेदी के बीच अस्थिर एवं अनस्थिर शब्द को लेकर हुए वाद-विवाद का है। यह विवाद बरसों चला। उस पर विस्तार की जरूरत नहीं। अनस्थिर शब्द की प्रामाणिकता पर आचार्य द्विवेदी ने 21 अक्टूबर 1927 को एक लंबा लेख लिखा। लेख का यह अंश कम लोगों ने ही पढ़ा होगा-'कुछ लोगों ने अनस्थिरता को अशुद्ध और अस्थिरता को शुद्ध बताया था। अनस्थिरता हिंदी भाषा का वैसा ही शब्द है जैसा अनगिनत, अनबन, अनबोला अनमोल आदि। परंतु यदि अनस्थिरता संस्कृत भाषा का शब्द माना जाए तो संस्कृत व्याकरण के अनुसार भी वह शुद्ध ही है। यथा, न विद्यते अस्थिरं यस्मात तत अनस्थिरं, तस्य भावः अनस्थिरता। अर्थात जिससे बढ़कर अस्थिर वस्तु और कोई है ही नहीं, उसे अनस्थिर कहना चाहिए। उसी से अत्यंत अस्थिर का भाव सूचित होता है। ऐसे कई प्रयोग संस्कृत भाषा में पाए जाते हैं। देखिए, गंगातीरमनुत्तमं ही सफलं तत्रापि काश्युत्तमा-यह एक प्रसिद्ध श्लोक का पहला चरण है। इसमें अनुत्तम शब्द का अर्थ अत्यंत उत्तम है। विवादियों ने अपनी अज्ञानता के कारण इस शब्द को अशुद्ध बताकर व्यर्थ ही अपना और दूसरों का समय नष्ट किया था। (आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के श्रेष्ठ निबंध संपादक विनोद तिवारी पृष्ठ 128) इस विवाद का पटाक्षेप भी नाटकीय तरीके से हुआ। काशी नागरी प्रचारिणी सभा की तीखी आलोचना से व्यथित होने वाले केदारनाथ पाठक भी विनम्र व्यवहार देखकर द्विवेदी जी के मुरीद हो गए थे। 'द्विवेदी अभिनंदन ग्रंथ' में 'श्रद्धांजलि' शीर्षक से प्रकाशित उनका लेख पढ़कर आप उस विवाद के नाटकीय अवसान को जान सकते हैं। लेख के अंश हैं-' लाला बालमुकुंद जी गुप्त अपने जीवन के अंतिम दिनों में कानपुर के प्रसिद्ध उर्दू मासिक पत्र जमाना के सुयोग्य संपादक मुंशी दया नारायण निगम बीए के साथ द्विवेदी जी के पास जुही गए। निगम महाशय के द्विवेदी जी से परिचय कराते ही गुप्तजी ने झट दिवेदी जी के चरणों पर अपना मस्तक रख दिया। एक अपरिचित को इस प्रकार चरणों पर माथा टेकते देखकर द्विवेदी जी ने चट उठाकर हृदय से लगा लिया। तब निगम महाशय ने बताया कि आप भारत मित्र के संपादक लाला बालमुकुंद जी गुप्त हैं। गुप्तजी ने अश्रुधारा बहाते हुए कहा- मैं अपराधी हूं और आपके सामने अपने उन अभद्रता पूर्ण व्यवहारों के लिए क्षमा मांगने और प्रायश्चित करने आया हूं। आप विद्या में गुरु बृहस्पति, स्नेह में ज्येष्ठ भ्राता तथा करुणा में बुद्ध के सदृश हैं। आपके चरणों पर मैं बार-बार अपना सिर रखता हूं। मैंने आपकी न्याय संगत बातों का अनुचित रूप से उत्तर दिया। इसके लिए मैं हृदय से क्षमा चाहता हूं। (द्विवेदी अभिनंदन ग्रंथ पृष्ठ- 532) भाषा या सिद्धांत को लेकर उनकी भिड़ंत सिर्फ बालमुकुंद गुप्त से ही हुई, हो ,ऐसा नहीं है। 'हिंदी भाषा और उसके साहित्य' लेख में सरस्वती में पहले प्रकाशित हो चुके अपने लेखों की चर्चा न होने पर अयोध्या प्रसाद खत्री से भी उनका विवाद हुआ। द्विवेदी जी ने उन्हें लिखा कि छोटी-छोटी बातों पर नुक्ताचीनी करना छोड़ दीजिए। इस पर उन्होंने इसी शीर्षक से कई पत्र-पत्रिकाओं में लेख प्रकाशित कराए और पंफलेट भी छपवाया। सरस्वती में एक लेख नहीं छापने पर बीएन शर्मा ने वेंकटेश्वर समाचार में द्विवेदी जी को लेकर अनुचित बातें लिखीं। द्विवेदी जी के 'आर्य शब्द की व्युत्पत्ति' की आलोचना करते हुए शर्मा जी ने उन पर आर्यमित्र पत्र में व्यक्तिगत आक्षेप किए। द्विवेदी जी ने उन्हें मानहानि का नोटिस भेजा। इसके बाद बीएन शर्मा ने उनसे क्षमा प्रार्थना की और द्विवेदी जी ने उन्हें माफ कर दिया। सरस्वती का संपादन संभालते वक्त उन्हें पत्रिकाओं के अनियमित प्रकाशन संबंधी बातें यत्र तत्र पढ़ने को मिलती थी। इसीलिए उन्होंने अपने लिए चार आदर्श- वक्त की पाबंदी मालिकों का विश्वासपात्र, पाठकों के हानि लाभ का ख्याल, न्याय पथ से कभी विचलित न होने और ज्ञान में सतत प्रयासरत रहने-के निश्चित किए। आजीवन इन्हीं आदर्शों पर अमल किया। अपने 'आत्म निवेदन' में वह कहते भी हैं-'सरस्वती ने प्रकाशित मेरे लघु लेखों और आलोचनाओं से ही पता लगा सकते हैं कि मैंने कहां तक न्याय मार्ग का अवलंबन किया। जानबूझकर मैंने कभी अपनी आत्मा का हनन नहीं किया, न किसी के प्रसाद की प्राप्त की आकांक्षा की, न किसी के कोप से विचलित ही हुआ।' वह कहते हैं- 'मैंने अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वाह जी जान होम कर किया। चाहे पूरा का पूरा अंक मुझे ही क्यों न लिखना पड़ा हो पर कापी प्रेस को हमने समय पर ही भेजी।' आचार्य द्विवेदी की कार्य के प्रति लगन और निष्ठा का प्रमाण सरस्वती 1903 के समस्त अंक हैं। लेखकों की कमी और कुछ मूर्धन्य लेखकों के सरस्वती के बहिष्कार के चलते आचार्य द्विवेदी को संपादन के प्रथम वर्ष में अधिकतर लेख खुद लिखने पड़े। आचार्य द्विवेदी पर लखनऊ विश्वविद्यालय से 1948 में पहला शोध करने वाले डॉ. उदयभानु सिंह के मुताबिक वर्ष 1903 के सरस्वती के सभी अंकों में कुल रचनाएं 109 प्रकाशित हुई थीं और इनमें 70 द्विवेदी जी की थीं। बाकी लेख अन्य लेखकों के थे। सरस्वती का संपादन करते हुए द्विवेदी जी एक बार बीमार पड़े। उनके बचने की आशा नहीं रही। इस पर उन्होंने तीन महीने की सामग्री इंडियन प्रेस को भेजी और लिखा कि मेरे मरने के बाद भी इसी से सरस्वती प्रकाशित करते रहें, तब तक कोई न कोई संपादक मिल ही जाएगा। जिससे यह सूचना न देनी पड़े कि संपादक के मर जाने से सरस्वती देर से निकली या बंद रही। वर्ष 1920 में सरस्वती का संपादन छोड़ते वक्त भी उन्होंने तमाम लेख उत्तराधिकारी को सौंपे, ताकि सरस्वती के प्रकाशन में कोई व्यवधान न आए। संपादन के प्रथम वर्ष में लेखकों की कमी के चलते ही उन्होंने कमला किशोर त्रिपाठी, गजानन गणेश गर्व खंडे, भुजंग भूषण भट्टाचार्य, श्रीकंठ पाठक एमए, नियम नारायण शर्मा आदि छद्म नामों से कई लेख लिखे। यह क्रम तब तक जारी रहा जब तक सरस्वती में लिखने के लिए लेखकों की जमात तैयार नहीं हो गई। यह सोचने और समझने की बात है कि शिक्षा के लिए पीठ पर आटा-दाल-चावल की गठरी रखकर 13 वर्ष का जो बालक 16 कोस पैदल जाता हो। आर्थिक अड़चनों से जिसकी प्रारंभिक शिक्षा तक पूरी नहीं हो पाई, उसी ने स्वाध्याय और अपनी लौह लेखनी के बल पर दो दशक तक 10 करोड़ हिंदी भाषियों का साहित्यिक अनुशासन किया। डॉ. उदयभानु सिंह लिखते हैं- 'शैशव से लेकर स्वर्गवास तक उनका संपूर्ण जीवन प्रतिकूल परिस्थितियों के विरुद्ध घोर संग्राम था।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार और हिंदी साहित्य के समालोचक**

# अर्थव्यवस्था की उड़ान में खेती का बड़ा योगदान

देशभर में उत्तर प्रदेश में पिछले छह वर्ष से विभिन्न क्षेत्रों में आए बदलाव की चर्चा हो रही है। खेती-किसानी के मामले में भी उत्तर प्रदेश दूसरे राज्यों की तुलना में कोसों आगे निकल चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन ने मल्टी सेक्टोरल क्षेत्रों को विकास की ओर डायवर्ट कर सस्टेनेबल और सर्वसमावेशी बनाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और उससे संबंधित सेक्टर को मजबूती मिली है। योगी सरकार का पहला बजट ही किसानों को समर्पित था। यहीं से उत्तर प्रदेश के कृषि अर्थव्यवस्था की ग्रोथ और किसानों की आय को दोगुना करने के लिए विकास यात्रा प्रारंभ हुई। इसका परिणाम है कि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की ग्रोथ रेट आज अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयास से राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान 26 फीसदी हुआ है। जबकि कृषि विकास दर स्थिर मूल्य पर वित्तीय वर्ष 2016-17 में 6.6 फीसदी की तुलना में 2022-23 में तीन गुना अधिक 18.2 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसी तरह चालू मूल्य पर वित्तीय वर्ष 2014-15 में कृषि विकास दर -3.8 की तुलना में 2021-22 में बढ़कर 20.1 फीसदी हो गई है। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए उत्तर प्रदेश ने चरणबद्ध तरीके से कार्य किया है। किसानों की लागत कम करने के लिए सिंचाई सुविधाओं में इजाफे से लेकर कृषि बजटिंग, मल्टी क्रॉपिंग, टेक्नोलॉजी के प्रयोग सहित प्रोत्साहन आदि प्रयासों पर जोर दिया है। बाणसागर, अर्जुन सहायक और सरयू नहर सहित 20 सिंचाई परियोजनाएं पूरी हुई हैं। इससे 21.42 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचन क्षमता बढ़ी है और 45 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। 20 नए कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रदेश में 89 कृषि विज्ञान केंद्र सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। ऐसे अनेक नवाचार हैं, जिनसे किसानों को काफी सुविधा मिली है। इन्हीं में से कृषि उत्पादक संगठन (एफपीओ) भी है। योगी सरकार ने 2020 में उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादक संगठन नीति बनाई और 17 विभागों को एक प्लेटफॉर्म पर लाया, सभी के कार्य क्षेत्र तय किए गए। सरकार ने कारपोरेट की तर्ज पर एफपीओ और कृषि से जुड़े क्षेत्रों में हर तरह के कार्य की छूट दी। इसी का परिणाम है कि प्रदेश में करीब 2250 एफपीओ रजिस्टर्ड हैं और दो-ढाई करोड़ से पांच छह करोड़ तक का टर्नओवर कर रहे हैं। कोरोनाकाल में सहजन, लेमन ग्रास, पामा रोजा की खेती की और बागपत के किसानों ने गन्ने के गढ़ में इसे पैदा कर एक नया मॉडल दिया है। गन्ना किसानों की बात करें, तो सरकार ने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान कराया है और आज 119 चीनी मिलों में से 100 मिलें 10 दिनों के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। गन्ना उत्पादकता में 1,00,875 टन प्रति हेक्टेयर की वृद्धि से किसानों की आय में औसतन 349 रुपये प्रति कुंतल की दर से 34,656 रुपये प्रति हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। गन्ने के साथ अंतर फसली खेती से किसानों को करीब 25 प्रतिशत की अतिरिक्त आय हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की कर्मभूमि रमाला के साथ-साथ मुण्डेरवा एवं पिपराइच में नई चीनी मिल लगाकर उसका संचालन शुरू कराया। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में 12 किस्तों में 51,639.68 करोड़ रुपये दिए हैं। इतनी बड़ी राशि छोटे राज्यों के सालाना बजट के बराबर है। इसके अलावा फसल बीमा योजना में पांच साल में किसानों की संख्या दोगुनी और क्षतिपूर्ति करीब तीन गुनी बढ़ी है। 2017-18 से लेकर अब तक 48.21 लाख किसानों को 3957.38 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति दी गई है। वर्ष 2022-23 में अनन्तिम तौर पर 10.07 लाख किसानों को 597.68 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। इससे साफ है कि एक तरफ सरकार ने किसानों को भुगतान कराया है और दूसरी तरफ फसलों के नुकसान पर क्षतिपूर्ति भी दिलाई है। किसानों की आमदनी में बढ़ोतरी होने और ग्रामीण स्तर पर रोजगार सृजन होने से कस्बों में लिक्विडिटी भी बढ़ रही है, जिससे ग्रामीण एवं अर्द्ध शहरी बाजारों में एग्रीगेट डिमांड बढ़ रही है। यह व्यवसायियों और निवेशकों को उत्तर प्रदेश की तरफ आकर्षित होने का एक बड़ा कारण भी है। ग्रामीण और कस्बाई जनता कृषि के साथ कुटीर उद्योग धंधे भी करती है। उत्तर प्रदेश में देश के कुल हस्त शिल्पियों की आबादी का 29 प्रतिशत हिस्सा है और निर्यात में 60 प्रतिशत भागीदारी है। सरकार ने 1.90 लाख हस्त शिल्पियों, कारीगरों एवं छोटे उद्यमियों को 16 हजार करोड़ रुपये का लोन उपलब्ध कराया है। 2017 में बढ़ई, दर्जी, टोकरी बुनने वाले, नाई, सुनार, लोहार, कुम्हार, हलवाई, मोची, राजमिस्त्री और हस्तशिल्पी आदि को केंद्र में रखकर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना की शुरूआत की। इसके तहत करीब पौने दो लाख लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है और निशुल्क टूल किट का वितरण किया गया है, ताकि वह अपना रोजगार आसानी से कर सकें। उत्तर प्रदेश सरकार के मेगा प्रोजेक्ट एक जनपद, एक उत्पाद कार्यक्रम (ओडीओपी) ने परंपरागत उद्योगों में जान फूंक दी है। उत्तर प्रदेश में 45 जीआई उत्पाद दर्ज हैं। वाराणसी और पूर्वांचल के जीआई उत्पादों में 20 लाख लोग शामिल हैं और करीब 25,500 करोड़ का सालाना कारोबार कर रहे हैं। 11 उत्पादों को इस वर्ष जीआइ टैग मिला है, जिसमें 7 ओडीओपी उत्पाद अलीगढ़ ताला, हाथरस हिंग, मुज्जफरनगर गुड़, नगीना वुड कार्विंग, बखीरा ब्रासवेयर, बांदा शजर पत्थर क्राफ्ट, प्रतापगढ़ का आंवला हैं। चार कृषि और उद्यान से संबंधित उत्पाद वाराणसी से हैं। इसमें बनारसी लंगड़ा आम, रामनगर भंटा, बनारसी पान और आदमचीनी चावल है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



कई वर्षों तक, गजराज बलराम मैसूर में प्रतिष्ठित दशहरा समारोह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे। मां चामुंडेश्वरी की मूर्ति को लेकर लोग उन्हें प्यार से याद करते हैं। उनका निधन दुखद है। शांति।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



केरल के मलप्पुरम में नाव दुर्घटना में लोगों की दुखद मौत बेहद चौंकाने वाली और दुखद है। अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। मैं बचे लोगों के कल्याण के लिए प्रार्थना करतीं हूं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**



शराब घोटाला पर झारखंड हाईकोर्ट में मुकदमा करने वाले जरा सा भी शिथिल होंगे तो इसे नए सिरे से उठाया जाएगा.शराब घोटाला के तीन चरण हैं। पहला-2016 से 2019, किरदार-सम्मुख+फ्रंटलाईन। दूसरा-2020 से 2022 और तीसरा-2022 से अब तक, दोनों के किरदार हैं छत्तीसगढ़ी। तीनों चरणों की गहन जांच करें #ED

**(विधायक सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**

# लिथियम की नीलामी का खाका तैयार

केंद्र ने इसी साल फरवरी में खुलासा किया था कि देश में पहली बार जम्मू-कश्मीर में 59 लाख टन लिथियम का भंडार मिला है। इस लिथियम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय मुद्रा के रूप में करीब 3,000 अरब रुपये आंकी गई है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन इस साल दिसंबर की शुरूआत में जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में पाए जाने वाले लिथियम भंडार की नीलामी शुरू करेगा। लिथियम क्या होता है, यह भी जानकारी होनी जरूरी है। लिथियम एक तरह का रेअर एलिमेंट है। इसका इस्तेमाल मोबाइल फोन, लैपटॉप, इलेक्ट्रिक व्हीकल समेत दूसरे चार्जेबल बैटरियों को बनाने में किया जाता है। लिथियम एक नरम और चांदी जैसी की तरह दिखने वाली सफेद धातु है। इसका इस्तेमाल रिचार्जेबल बैटरी के लिए सबसे ज्यादा किया जाता है और यह धरती के अंदर नमकीन जलाशयों और सख्त चट्टानों से निकाला जाता है। यदि दुनियाभर में लिथियम भंडार की स्थिति को देखें तो इस मामले में चिली 93 लाख टन के साथ पहले नंबर पर है। ऑस्ट्रेलिया 63 लाख टन के साथ दूसरे नंबर पर है और अब कश्मीर में 59 लाख टन भंडार मिलने से हमारा देश तीसरे नंबर पर आ गया है। अब मन में सवाल यह है कि क्या हम इसके प्रयोग से अपने देश को अहम देशों में कैसे दर्ज करवा सकते हैं। चूंकि इसे एक ऐसे खजाने के रूप में देखा जा रहा है जिससे हम अपनी तकदीर व तस्वीर बदल सकते हैं। वैसे भी आज हम इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर आगे बढ़ रहे है और चीन ने अब तक दुनिया के कई देशों में इलेक्ट्रिक वाहन बेचे हैं। इसका खरीदार भारत भी है। हालांकि बीते लगभग तीन वर्षों में हमारे देश की तमाम कंपनियां अपने इलेक्ट्रिक वाहन बना रही हैं। इनमें टाटा मोटर्स, महिन्द्रा, हीरो मोटो कॉर्प व अशोक लीलेंड के अलावा तमाम बड़ी कंपनियां हैं। अभी भी यह सारी कंपनियां लिथियम-आयन बैटरी बनाने के लिए लिथियम की अपनी जरूरत के हिसाब से आयात करती हैं। 2020-21 में भारत ने 8,811 करोड़ रुपये मूल्य के लिथियम-आयन का आयात किया था। सरकार के डेटा के मुताबिक, इसका 95 फीसदी हिस्सा हांगकांग और चीन से आया था। इसके लिए बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। यह बताने का अर्थ यह हुआ कि हम इलेक्ट्रिक वाहनों के बड़े बाजार तो बनते जा रहे हैं लेकिन लिथियम को लेकर हमारी निर्भरता बाहरी देशों पर थी, लेकिन जिस तरह इतनी बड़ी मात्रा में हमें लिथियम मिला है, उससे भारत का बेहतर भविष्य हो सकता है। चूंकि हम बढ़ती जनसंख्या और बढ़ते प्रदूषण की वजह से एक गलत दिशा में जा रहे हैं। इसे रोकने के लिए सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दे रही है। लेकिन जितनी रफ्तार से सरकार ने इसको लेकर हुंकार भरी थी हम उतनी तेजी से इस पर विजय प्राप्त नही कर पाए। चूंकि इलेक्ट्रिक वाहन अन्य वाहनों की अपेक्षा महंगे हैं। और यदि इसमें भी कारों की बात करें तो वह अत्यधिक महंगी है। उदाहरण के तौर पर अगर पेट्रोल या डीजल कार 12 से 15 लाख रुपये में मिलती है तो इलेक्ट्रिक कार में लगभग पांच से सात लाख रुपया और खर्च करना पड़ता है। इसका मुख्य कारण इसकी बैटरी को माना जाता है। इसके अलावा मोबाइल फोन के संदर्भ में बात करें तो चाइनीज फोन आज भी सस्ते हैं। इसका सबसे कारण चीन के पास सबसे अधिक लिथियम और सस्ते श्रमिक हैं। फिलहाल चीन में एक टन लिथियम की कीमत करीब 51,19,375 रुपये है। चीन से मोबाइल फोन का आयात 2020-21 में 1.4 अरब डॉलर था लेकिन कोरोना के बाद से कुछ प्रतिशत कम हुआ है। बावजूद इसके आज भी सस्ते मोबाइल चीन से आयात किये जाते हैं। वह हमारे देश से केवल मोबाइल फोन से करोडों रुपये कमाता है। यदि लैपटॉप की बात करें तो 87 प्रतिशत चीन से आ रहे हैं।

# बीतती हुई महामारी

कोरोना महामारी पूरी तरह विदा नहीं हुई है, पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने घोषणा कर दी है कि कोविड-19 अब वैश्विक आपातकाल कहलाने योग्य नहीं है। कोरोना का विनाशकारी रूप तो पिछले साल ही बीती बात हो गया था और अब विश्व स्वास्थ्य संगठन की घोषणा एक तरह से प्रतीकात्मक ही है। इस घोषणा से तत्काल कोई बड़ा असर नहीं पड़ने वाला। दुनिया के अलग-अलग देशों में इसे लेकर अलग-अलग प्रोटोकॉल है, जो आगामी दिनों में भी जारी रहने की उम्मीद है। दुनिया भर में कम से कम 70 लाख लोगों की जान लेने वाली सदी की इस सबसे भयानक महामारी का आपातकालीन चरण भले ही समाप्त हो गया हो, लेकिन खुद विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, महामारी समाप्त नहीं हुई है। असली खुशी उसी दिन होगी, जिस दिन महामारी के अंत की घोषणा होगी। दक्षिण पूर्व एशिया और मध्य पूर्व में मामले अभी बढ़ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की इस स्वास्थ्य एजेंसी का कहना है कि अभी भी हर सप्ताह हजारों लोग इस वायरस से मर रहे हैं। याद रहे, इस स्वास्थ्य एजेंसी ने पहली बार 30 जनवरी, 2020 को कोरोना वायरस को एक वैश्विक संकट घोषित किया था। तब संक्रमण चीन व कुछ ही अन्य देशों में हुआ था। धीरे-धीरे यह संक्रमण पूरी दुनिया में फैल गया और दुनिया ने एक बड़ी व्यापक त्रासदी को झेला। तीन साल से अधिक समय तक विश्व में इस महामारी से 76 करोड़ 40 लाख लोग संक्रमित हुए। इसका सबसे ज्यादा दर्द अमेरिका ने झेला है। वहां दस करोड़ से ज्यादा लोग संक्रमण के शिकार हुए और साढ़े दस लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। दूसरे स्थान पर ब्राजील है, जहां सात लाख से ज्यादा लोग काल के गाल में समा गए, तो तीसरे स्थान पर भारत, जहां पांच लाख 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत दर्ज हुई है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PRIVATE LIMITED, Kathitand, Near Tender Bagicha, P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001.Editor-Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# आईपीएल में आज मुम्बई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में होगी टक्कर



**मुंबई (एजेंसी)।** मुम्बई इंडियंस टीम मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ अपने घरेलू मैदान में जीत के साथ ही प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी। मुम्बई को इस मैच में घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा पर उसकी राह आसान नहीं है क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा फार्म में नहीं हैं। इसके अलावा अंतिम ओवरों में भी अब तक टभ्म की गेंदबाजी अच्छी नहीं रही है। रोहित ने अभी तक 10 मैचों में 18.39 की औसत से केवल 184 रन बनाए हैं। यह लगातार दूसरा सत्र है जब वह रन नहीं बना पा रहे हैं। मुंबई की टीम अभी अंक तालिका में छठे स्थान पर है पर जीत के लिए उसके सभी खिलाड़ियों का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

इस आईपीएल में रोहित की भूमिका शीर्ष क्रम में टीम को तेज शुरुआत देना है जिसमें वह कुछ मैचों में ही सफल रहे हैं। इसके बाद उनकी प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है। उनकी शुयआत में आउट होन से मध्यक्रम पर जरुरत से ज्यादा दबाव पड़ता है जिससे वह बिखर जाता है। मुंबई के लिए राहत की बात यह है कि शीर्ष क्रम में उसके पास ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और टिम डेविड जैसे खिलाड़ी हैं जो रन भी बना रहे हैं जिसके कारण टीम अब भी प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है। मुंबई ने पिछले मैच में उन्हें तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा पर वह असफल रहे थे। रोहित के अलावा मोटी रकम देकर खरीदे गये कैमरुन ग्रीन भी अब तक असफल रहे हैं। अब उन्हें रन बनाने होंगे। रोहित की फॉर्म के अलावा मुंबई के लिए डेथ ओवरों में प्रभावहीन गेंदबाजी भी चिंता का कारण बनी हुई है। टीम के गेंदबाजों का विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं है। इसी कारण चार मैचों में ही 200 से अधिक रन बने हैं।


वहीं दूसरी ओर आरसीबी के पास विराट कोहली, फाफ डुप्लेसी और ग्लेन मैक्सवेल जैसे अच्छे बल्लेबाज हैं। विराट ने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अर्धशतक लगाया था हालांकि इसके बाद भी उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा था। पिछले मैच में आरसीबी की ओर से महिपाल लोमरोर ने भी 54 रन बनाये थे। कप्तान डुप्लेसी ने अभी तक इस सत्र में 511 रन बनाए हैं पर उसके विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक लय में नहीं हैं जिससे वह फिनिशर की भूमिका नहीं निभा पा रहे हैं। गेंदबाजी की बात करें तो मोहम्मद सिराज ने अब तक सबसे अच्छी गेंदबाजी की है। इसके अलावा जोश हेजलवुड के शामिल होने से भी आरसीबी की गेंदबाजी बेहतर हुई है।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-**

**मुंबई इंडियंस:** रोहित शर्मा (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, अरशद खान, जेसन बेहरेनडॉर्फ, डेवाल्ड ब्रेविस, पीयूष चावला, टिम डेविड, राघव गोयल, कैमरन ग्रीन, इशान किशन (विकेटकीपर), डुआन जानसेन, क्रिस जॉर्डन, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल , रिले मेरेडिथ, शम्स मुलानी, रमनदीप सिंह, संदीप वारियर, ऋतिक शौकीन, ट्रिस्टन स्टब्स, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, सूर्यकुमार यादव।

**रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर:** फाफ डुप्लेसी (कप्तान), आकाश दीप, फिन एलेन, अनुज रावत, अविनाश सिंह, मनोज भांडगे, माइकल ब्रेसवेल, वानिंदु हसरंगा, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सिद्धार्थ कौल, विराट कोहली, महिपाल लोमरोर, ग्लेन मैक्सवेल, मोहम्मद सिराज, वेन पार्नेल, हर्षल पटेल, सुयश प्रभुदेसाई, राजन कुमार, शाहबाज़ अहमद, कर्ण शर्मा, हिमांशु शर्मा, सोनू यादव, विजयकुमार वैशाक, केदार जाधव।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 20 सदस्यीय महिला हॉकी टीम घोषित, सविता करेंगी कप्तानी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में 18 मई से शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए सोमवार को 20 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। भारतीय टीम अपने इस दौरे में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भी दो मैच खेलेगी। यह दौरा हांगझू एशियाई खेलों की तैयारियों के सिलसिले में किया जा रहा है। गोलकीपर सविता को टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है जबकि दीप ग्रेस एक्का टीम की उपकप्तान होंगी।

बिछु देवी खारीबम टीम में शामिल दूसरी गोलकीपर हैं। रक्षा पंक्ति में दीप ग्रेस एक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता और गुरजीत कौर को टीम में शामिल किया गया है। निशा, नवजोत कौर, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति और बलजीत कौर मध्य पंक्ति की जिम्मेदारी संभालेंगे। अनुभवी वंदना कटारिया अग्रिम पंक्ति की अगुवाई करेंगी, जिसने लालरेमसियामी, संगीता कुमारी और शर्मिला देवी भी शामिल हैं।

भारत की मुख्य कोच यानेक शोपमैन ने कहा- दो कड़े अभ्यास सत्र के बाद हम अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने को लेकर उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम बेहद मजबूत है और हम आक्रामक हॉकी खेलना पसंद करेंगे। हमारी कड़ी परीक्षा होगी और हम अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत रखकर उनकी तेजी और आक्रामकता की बराबरी करना चाहेंगे। भारत 18, 20 और 21 मई को ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा जबकि इसके बाद 25 और 27 मई को ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगा। सभी पांचों मैच एडिलेड के मेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

# आईपीएल में नंबर-1 गेंदबाज बने चहल, ब्रेवो दूसरे नंबर पर फिसले



**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर (ईएमएस)। राजस्थान रॉयल्स के स्पिनर युजवेंद्र चहल ने आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मुकाबले में चार विकेट लेकर एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। चहल आईपीएल में सबसे अधिक विकेट के मामले में सीएसके के पूर्व तेज गेंदबाज ड्वेन ब्रावो के साथ संयुक्त रुप से शीर्ष पर हैं। चहल ने ब्रावो के 183 विकेटों की बराबरी की है। चहल और ब्रेवों दोनों के अब बराबर विकेट हैं पर बेहतर इकॉनमी रेट के कारण चहल नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं।

चहल ने आईपीएल में खेले अभी तक 142 मुकाबलों में 7.65 की इकॉनमी और 16.94 के स्ट्राइक रेट से ये विकेट लिए हैं। वहीं ब्रावो ने 161 मैचों में 8.38 की इकॉन्मी के साथ ही यह उपलब्धि अपने नाम की है। चहल ने सबसे कम 142 मैच में अपने नाम कुल 183 विकेट किए है। आईपीएल में 4 विकेट लेने का करनामा उन्होंने 2 बार किया। इकोनॉमी रेट की बात करें तो वह 8.38 की रही है। वहीं दूसरे नंबर पर ब्रावो हैं। चहल से ज्यादा मैच 161 खेलने के कारण वह दूसरे नंबर पर फिसल गये हैं। उन्होंने 5 बार 4 विकेट लिए हैं। आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले शीर्ष-5 गेंदबाजों में चार भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं और ये सभी स्पिनर हैं। इस सूची में चहल के अलावा सबसे अधिक अनुभवी पीयूष चावला 174 विकेट, अमित मिश्रा 172 विकेट और रविचंद्रन अश्विन 171 विकेट भी शामिल हैं।

# डब्ल्यूटीसी फाइनलः ईशान किशन को टीम इंडिया में किया गया शामिल, केएल राहुल की लेंगे जगह




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केएल राहुल के जांघ की चोट के कारण बाहर होने के बाद ईशान किशन को भारत की 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंतिम टीम में शामिल किया गया है। किशन को केएस भरत के बैकअप विकेटकीपर के तौर पर टिम में शामिल किया गया है। आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण का फाइनल 7 से 11 जून तक लंदन के द ओवल में रिजर्व डे के साथ खेला जाएगा। 1 मई को लखनऊ सुपरजायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच आईपीएल 2023 के मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान राहुल को दाहिनी जांघ में चोट लग गई थी। किशन और केएस भरत टीम में दो विकेटकीपर हैं।

भारत की चोटों का कहर शायद यहीं खत्म नहीं हो रहा है, क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने दो स्टार तेज गेंदबाजों पर चिंताजनक अपडेट दिया है। दोनों तेज गेंदबाजों को चल रहे 2023 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान चोट लगी थी। जयदेव उनादकट के नेट्स में गेंदबाजी करते हुए साइड रोप पर फिसलने से बाएं कंधे में चोट लग गई। एक विशेषज्ञ परामर्श मांगा गया है और बाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज वर्तमान में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में है और अपने कंधे के लिए स्ट्रेंथ और रिहैब सत्र से गुजर रहा है। उमेश यादव को 26 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच टाटा आईपीएल 2023 के मैच 36 के दौरान बाएं हैमस्ट्रिंग में मामूली चोट लगी थी।

## रोहित के आईपीएल में खराब प्रदर्शन का असर डब्ल्यूटीसी में भी पड़ेगा : गावस्कर

मुम्बई । महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा के खराब प्रदर्शन पर चिन्ता जताते हुए कहा कि इसका प्रभाव अगले माह जून में इंग्लैंड में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) मुकाबले में भी उनकी बल्लेबाजी पर पड़ेगा। डब्ल्यूटीसी के खिताबी मुकाबले में भारत को ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। इसमें अब ज्यादा समय नहीं रह गया है। वहीं रोहित आईपीएल के इस सत्र के 10 मैचों में कुल 184 रन ही बना पाए हैं। वहीं अंतिम चार मैचों की बात करें तो वह दो बार शून्य पर ही पेवेलियन लौटे थे। इसके अलावा अन्य मुकाबलों में भी दो अंकों तक नहीं पहुंच पाये।

## नोबाल के कारण पलटा मैच : सैमसन

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल लीग मुकाबले की अंतिम गेंद पर मिली हार पर निराश जतायी है। सैमसन ने कहा कि यह मैच उनकी टीम के हाथ में आ गया था पर एक नोबाल ने सब बेकार कर दिया। इस मैच में राजस्थान से मिले जीत के 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद के बल्लेबाज अब्दुल समद ने आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। इस मैच में राजस्थान को उसके गेंदबाज संदीप शर्मा की एक गलती भारी पड़ गयी। संदीप ने अंतिम ओवर की अंतिम गेंद नोबाल कर दी थी। सैमसन ने कहा कि नो बॉल के कारण परिणाम बदल गया। साथ ही कहा कि यही ईपीएल है और इस तरह के मैच आईपीएल को विशेष बनाते हैं। सैमसन ने कहा, आईपीएल आपको यही देता है, इस तरह के मैच आईपीएल को खास बनाते हैं। आप कभी भी ऐसा महसूस नहीं कर सकते कि आपने खेल जीत लिया है। मुझे पता था कि कोई भी प्रतिद्वंद्वी इसे जीत सकता है और वे अच्छी बल्लेबाजी भी कर रहे थे पर मुझे अंतिम ओवर में संदीप पर भरोसा था। उसने हमें ऐसी ही स्थिति में सीएसके के खिलाफ जीत दिलायी थी। उसने आज फिर ऐसा किया पर उस नो-बॉल ने जीत हमने छीन ली।

## आईसीसी रैंकिंग : पाक टीम 48 घंटे ही रह पायी शीर्ष पर

मुम्बई । भारतीय टीम ने आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में पाकिस्तान को दो दिनों के अंदर ही पछाड़कर एक बार फिर दूसरे स्थान पर कब्जा कर लिया। पाक टीम केवल 48 घंटे तक ही नंबर एक स्थान पर रह पायी। वहीं पाक टीम गत 5 मई को एकदिवसीय में भारत और ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़कर नंबर एक स्थान पर आ गयी थी। इस पर पाक प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भी खुशी जतायी थी। इसके दो दिनों बाद ही 7 मई को भारतीय क्रिकेट टीम एक बार फिर दूसरे नंबर पर पहुंच गयी। वहीं पाक अपने पहले के स्थान तीसरे नंबर पर खिसक गयी है। न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के चौथे मुकाबले में पाक टीम ने न्यूजीलैंड को 102 रनों से हराकर नंबर एक स्थान हासिल कर लिया था। उस समय भारतीय टीम तीसरे नंबर पर फिसल गई थी। इस पर पाक प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने भी ट्वीट करते हुए अपनी टीम को बधाई दी थी पर उनकी खुशी ज्यादा देर तक नहीं रह पायी। रविवार रात को हुए मुकाबले में न्यूजीलैंड ने पाक को 47 रनों से हराकर एक बार फिर पहले वाली रैंकिंग तीसरे नंबर पर खिसका दिया। पाक के अब 112 रेटिंग अंक हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम 113 अंकों के साथ नंबर एक पर पहुंच गई, जबकि भारतीय टीम उतने ही रेटिंग अंकों के साथ ही दूसरे नंबर पर खिसक गयी है।

# विश्वकप के लिए पाक टीम को भारत भेजने के लिए पीसीबी ने रखी ये शर्त




**करांची (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम इस सात के अंत में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में भाग ले सकती है पर उसकी एक शर्त भी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चाहता है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) साल 2025 में पाक में होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी में भाग पर अपनी सहमति दें। स्थानीय मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी इस साल एकदिवसीय विश्वकप के लिए अपनी टीम को भारत भेजने से पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह से एक लिखित करार चाहते हैं। जिसमें ये रहेगा कि उनके देश में 2025 में होने वाले आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम भाग लेगी। अगर बीसीसीआई ये बात मान लेता है तो पाक टीम भारत का दौरा कर सकती है। इस साल पांच अक्टूबर से होने वाले विश्व कप के लिए बीसीसीआई ने पाक के मैचों के लिए अहमदाबाद , बेंगलुरु और कोलकाता को मैच स्थल के रूप में रखा है।

वहीं जय शाह की अध्यक्षता वाले एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने पाक में होने वाले एशिया कप के लिए प्रस्तावित हाइब्रिड मॉडल पर सहमति अभी तक नहीं दी है। हाइब्रिड मॉडल के तहत भारतीय टीम अपने मैच यूएई में खेलेगा जबकि अन्य मुकाबलों की मेजबानी पाक करेगा। सेठी अब दुबई के लिए रवाना होने वाले हैं, जहां वह एसीसी और आईसीसी अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। पीसीबी के सूत्र ने कहा कि अपनी दुबई यात्रा के दौरान सेठी पीसीबी के लिए समर्थन हासिल करने का भी प्रयास करेंगे। उनका कहना है कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की भागीदारी को लेकर जब तक बीसीसीआई और आईसीसी लिखित गारंटी नहीं देते तब तक पाकिस्तान भारत में अपने विश्व कप मैच नहीं खेलेगा। पीसीबी चाहता है कि एशिया कप लाहौर और दुबई (हाईब्रिड मॉडल) में हो। जिससे भारतीय टीम भी उसमें शामिल हो हालांकि बीसीसीआई ने अभी इसपर अपनी सहमति नहीं दी है।


## तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज – गुकेश को हराकर अर्जुन नें की वापसी

मालमो, स्वीडन । तेपे सिगमन सुपर ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट में लगातार दो हार के बाद ख़िताबी दौड़ मेँ काफी पीछे नजर आ रहे दूसरे वरीय भारत के ग्रांड मास्टर अर्जुन एरिगासी नें चौंथे राउंड मेँ टूर्नामेंट मेँ सबसे आगे चल रहे हमवतन डी गुकेश पर जोरदार जीत दर्ज करते हुए वापसी की है । सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए अर्जुन नें राय लोपेज ओपनिंग से खेल की शुरुआत की और गुकेश नें अपने चित परिचित अंदाज मेँ अपने राजा की ओर से ही आक्रमण शुरू कर दिया पर अर्जुन की तेज चालों नें गुकेश को समय मेँ काफी पीछे छोड़ दिया और खेल की 32 वी चाल मेँ जब गुकेश की घड़ी मेँ सिर्फ 2 मिनट रह गए वह ऊंट की गलत चाल चल गए और फिर अर्जुन नें अपना हाथी बलिदान करते हुए 38 चालों मेँ बाजी अपने नाम कर ली । चौंथे राउंड के अन्य तीन मुक़ाबले बेनतीजा रहे , के अभिमन्यु मिश्रा नें स्वीडन के निल्स ग्रंडेलीयूस से , जर्मनी के विन्सेंट केमर नें इज़राइल के बोरिस गेलफंड और रूस के पीटर स्वीडलर नें नीदरलैंड के जॉर्डन वान फॉरेस्ट से मुक़ाबला ड्रॉ खेला । अब अगले राउंड मेँ गुकेश के सामने अभिमन्यु मिश्रा तो अर्जुन के सामने जॉर्डन होंगे ।



## मैड्रिड ओपन : यान लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर अल्कराज ने का खिताब बरकरार रखा

मैड्रिड। कार्लोस अल्कराज ने तीन सेट तक चले मुकाबले में यान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 3-6, 6-3 से हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया और फिर से विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बनने की तरफ मजबूती से कदम बढ़ाए। स्पेन का यह 20 वर्षीय खिलाड़ी अगर रोम में इटालियन ओपन का एक मैच भी खेल देता है तो वह फ्रेंच ओपन में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लेगा। रविवार को खेले गए फाइनल में दूसरा सेट गंवाने के बाद अल्कराज ने तीसरे सेट में पहले मैच प्वाइंट पर ही जीत दर्ज की। यह उनकी इस सत्र में 29वीं जीत है। वह राफेल नडाल के बाद मैड्रिड ओपन में लगातार चैंपियन बनने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इस बीच विक्टोरिया अजारेंका और बीट्रिज हद्दाद माइया नेकोको गॉफ और जेसिका पेगुला कीशीर्ष वरीयता प्राप्त अमेरिकी जोड़ी को को 6-1, 6-4 से हराकर महिला युगल का खिताब जीता।



## आर्सेनल जीता, मैनचेस्टर यूनाइटेड को मिली हार

लंदन। आर्सेनल ने न्यूकासल को2-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता में खिताबी दौड़ को रोमांचक बनाए रखा। आर्सेनल के इस जीत से 35 मैचों में 81 अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज मैनचेस्टर सिटी से केवल एक अंक पीछे है। सिटी के 34 मैचों में 82 अंक हैं। मार्टिन ओडेगार्ड ने 14वें मिनट में गोल करके आर्सेनल को बढ़त दिला दी थी। इसके बाद 71वें मिनट में फैबियन शार ने आत्मघाती गोल किया। इस बीच मैनचेस्टर यूनाइटेड को वेस्ट हैम के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा। वेस्ट हैम की तरफ से मैच का एकमात्र गोल सैद बेनरहमा ने 27वें मिनट में किया। मैनचेस्टर यूनाइटेड इस हार के बावजूद चौथे स्थान पर बना हुआ है।

# एशियाई चैंपियनशिप में अजित नारायण और अचिंता श्युली 73 किग्रा के ग्रुप बी में शीर्ष दो स्थान पर रहे

**जिन्जू (एजेंसी)।** भारतीय भारोत्तोलक अजीत नारायण और अचिंता श्युली सोमवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप की पुरुषों की 73 किग्रा स्पर्धा के ग्रुप बी में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहे। अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा कर रहे अजित ने कुल 307 किग्रा (139 किग्रा + 168 किग्रा) का भार उठाया, जबकि अचिंता केवल 305 किग्रा (140 किग्रा + 165 किग्रा) का कुल भार ही उठा सके। भारत के इन दोनों भारोत्तोलकों को उनके शुरुआती भार के आधार पर ग्रुप बी रखा गया था। भारोत्तोलन में अधिकतम शुरुआती भार रखने वाले खिलाड़ियों को ग्रुप ए और उसके बाद के खिलाड़ियों को ग्रुप बी में रखा जाता है।

मौजूदा राष्ट्रीय चैम्पियन अजीत ने अपने शुरुआती दो स्नैच प्रयासों में 135 किग्रा और 139 किग्रा भार उठाया, लेकिन 141 किग्रा के अपने अंतिम प्रयास में विफल रहे। उन्होंने इसी तरह क्लीन एंड जर्क में 171 किग्रा के अपने अंतिम प्रयास में लड़खड़ाने से पहले 164 किग्रा और 168 किग्रा का भार आसानी से उठाया। मांसपेशियों में खिंचाव की चोट से उबर रहे अचिंता अपने छह प्रयासों में केवल तीन वैध भार उठा सके। जूनियर विश्व चैंपियनशिप (2021) के रजत पदक विजेता ने अपने दूसरे प्रयास में स्नैच में 140 किग्रा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इस वर्ग में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 143 किग्रा है। वह क्लीन एंड जर्क वर्ग 164 किग्रा का भार उठाने के बाद 169 किग्रा और 171 किग्रा के प्रयास में विफल रहे। भारतीय दल इस प्रकार इस प्रतियोगिता से तीन रजत पदक के साथ लौटा।

राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता बिंदयारानी देवी और युवा ओलंपिक चैंपियन जेरेमी लालरिनुंगा पदक हासिल करने में सफल रहे। बिंदयारानी ने महिलाओं के 55 किग्रा वर्ग में क्लीन एंव जर्क वर्ग के साथ अपने समग्र प्रयास के लिए दो रजत पदक अपने नाम किये। जेरेमी ने पुरुषों की 67 किग्रा स्नैच स्पर्धा में रजत पदक जीता। महाद्वीपीय और विश्व चैंपियनशिप में भारोत्तोलकों को स्नैच, क्लीन एंव जर्क और कुल भार के लिए अलग-अलग पदक दिये जाते है। ओलंपिक में हालांकि सिर्फ कुल भार के आधार पर ही पदक दिया जाता है। मौजूदा चैंपियनशिप 2024 पेरिस ओलंपिक की क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में शामिल है जहां तोक्यो खेलों की 14 की तुलना में भारोत्तोलन की 10 स्पर्धाएं होंगी।

हालांकि यह अतिरिक्त स्पर्धा है और इसे ओलंपिक में शामिल करना अनिवार्य नहीं है। ओलंपिक 2024 क्वालिफिकेशन नियमों के अनुसार एक भारोत्तोलक के लिए 2023 विश्व चैंपियनशिप और 2024 विश्व कप में हिस्सा लेना अनिवार्य है। उपरोक्त दोनों प्रतियोगिताओं के अलावा भारोत्तोलकों को 2022 विश्व चैंपियनशिप, 2023 महाद्वीपीय चैंपियनशिप, 2023 ग्रांप्री एक, 2023 ग्रां प्री दो और 2024 महाद्वीपीय चैंपियनशिप में तीन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना होगा। अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) क्वालिफिकेशन समय खत्म होने पर प्रत्येक वजन वर्ग में ओलंपिक क्वालीफिकेशन रेटिंग जारी करेगा। अंतिम आकलन के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं में भारोत्तोलन के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रयासों पर गौर किया जाएगा।



THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Tuesday, 09 May 2023


# पिंक थ्रेड गाउन में हुस्न ए-मल्लिका बनकर

## इवेंट में मलाइका ने लगाए चार-चांद



हाल ही में एक इवेंट में फिल्मी सितारे खूब रंग जमाते नजर आए। वहीं, एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने इस इवेंट में धांसू एंट्री मारकर सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। मलाइका पिंक ड्रेस में बेहद ग्लैमरस दिखीं। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब कहर बरपा रही हैं। लुक की बात करें तो इस दौरान मलाइका अरोड़ा डार्क पिंक थ्रेड गाउन में बेहद बोल्ड और गार्जियस लगीं। थ्रेड गाउन में एक्ट्रेस के क्लीवेज और नाभि साफ नजर आ रही है। इस पिंक गाउन के साथ उन्होंने मैचिंग आईलाइनर लगाया हुआ है और बालों में बन बनाया हुआ और हाई हील्स से लुक को टीम-अप किया है। यानि ओवरऑल लुक में 49 की मलाइका का हुस्न देखते ही बन रहा है। इवेंट में अपने ग्लैमरस लुक का तड़का लगोत हुए एक्ट्रेस अपने गाउन को संभालती दिखीं। उनकी इन तस्वीरों को फैंस खूब लाइक कर रहे हैं।





# सलमान और आमिर पर डायरेक्टर ने लगाया आरोप

फिल्म अंदाज अपना अपना तो याद ही होगी..जिसमें आमिर खान और सलमान खान एक साथ नजर आए थे। हालांकि, उनकी ये फिल्म सिनेमाघरों में बुरी तरह से पिट गई। वहीं, अब इस मूवी के डायरेक्टर राजकुमार संतोषी ने अब सलमान और आमिर पर बड़ा आरोप लगाया है। उनका कहना है कि ये दोनों सुपरस्टार के चलते ही उनकी फिल्म फ्लॉप हुई। राजकुमार संतोषी ने मीडिया बातचीत में बताया, जबकि अंदाज अपना अपना उन दिनों बिल्कुल अलग कहानी थी। इसमें रोमांस से ज्यादा कॉमेडी, एडवेंचर और ह्यूमर है। लोगों ने इस फिल्म को समझने में समय लिया। राजकुमार ने कहा कि 29 साल पहले जब फिल्म रिलीज हुई थी, तब वितरक भी नए कलाकार थे। दोनों लीड एक्टर्स ने फिल्म का प्रचार नहीं किया। न तो सलमान और न ही आमिर फिल्म का प्रचार करने के लिए शहर में थे। वह कहीं और शूटिंग कर रहे थे। डायरेक्टर ने कहा कि फिल्म से जुड़ी कोई एक्टिविटी नहीं थी। मीडिया से भी कोई बातचीत नहीं हुई। फिल्म के प्रचार के लिए जो कुछ करना था, वह भी नहीं हो सका। वितरक भी काफी नाराज थे। अंदाज अपना अपना के रीमेक के बारे में पूछे जाने पर राजकुमार संतोषी ने कहा कि जो कोई भी फिल्म का रीमेक बनाने की कोशिश करेगा, उसे नुकसान होगा। इसके रीमेक में कुछ भी करने की गुंजाइश नहीं है। फिल्म आज भी फ्रेश लगती है। जो भी इस सदाबहार फिल्म का रीमेक बनाने की कोशिश करेगा वह डूब जाएगा क्योंकि ऐसी फिल्म बनाना संभव नहीं है। बता दें, राजकुमार संतोषी की फिल्म अंदाज अपना अपना 1994 में रिलीज हुई थी। इसमें सलमान खान और आमिर खान के अपोजिट एक्ट्रेस करिश्मा कपूर और रवीना टंडन नजर आई थीं।

# द केरल स्टोरी बनी

## 5वीं सबसे बड़ी ओपनर फिल्म पहले दिन कर डाली इतनी कमाई




राजनीति के अखाड़े में विवादों से घिरी और सुप्रीम कोर्ट तक पहुँची फिल्म द केरला स्टोरी ने प्रदर्शन के पहले बॉक्स ऑफिस पर सीमित सिनेमाघरों और शोज के चलते जो कामयाबी हासिल की है, वह इस बात का संकेत दे रही है कि आने वाले दिनों में द केरला स्टोरी बॉक्स ऑफिस पर कमाल करेगी। सिर्फ 28 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 7.5 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त कर ली है। इसकी शुरूआत को देखते हुए सिनेमा प्रबन्धकों को उम्मीद है कि यह फिल्म ब्लॉकबस्टर हो जाएगी। इन आंकड़ों के साथ यह वर्ष 2023 की हिन्दी बॉक्स ऑफिस पर पांचवीं बड़ी ओपनर फिल्म भी बन गई है। अपने पहले दिन के प्रदर्शन के आधार पर इसने अक्षय कुमार की सेल्फी और कार्तिक आर्यन की शहजाद को पीछे छोड़ दिया है। वर्ष के चार माह बीत चुके हैं और पांचवें माह की शुरूआत हो चुकी है। बॉक्स ऑफिस पर अब तक सिर्फ 5 ही ऐसी फिल्में आई हैं जिन्होंने पहले दिन अच्छी शुरूआत की है। इनमें शाहरुख खान की पठान आने वाले कुछ वर्षों के लिए मील का पत्थर बनी है जिसने पहले दिन 57 करोड़ का कारोबार किया था। इसके बाद सलमान खान की ईद पर प्रदर्शित हुई फिल्म किसी का भाई किसी की जान है जिसने पहले दिन 15.81 करोड़ का कारोबार किया, हालांकि यह सलमान के ईद के नाम पर कम रहा है। रणबीर कपूर की फिल्म तू झूठी मैं मक्कार 15.73 करोड़ के साथ इस साल की तीसरी सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म है। वहीं अजय देवगन की भोला 11.20 करोड़ के साथ चौथे नंबर पर है। अब 7.5 करोड़ के साथ द केरला स्टोरी भी इस लिस्ट में पांचवे नंबर पर आ गई है। द केरला स्टोरी ने सुबह और दोपहर के शोज तक बॉक्स ऑफिस पर 3.5 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त कर ली थी। दर्शकों के फुटफॉल को देखते हुए सिनेमाघरों को शाम और रात के शोज में वृद्धि करनी पड़ी जिसकी बदौलत इस फिल्म ने 7.5 करोड़ का कारोबार करने में सफलता पाई। फिल्म उद्योग के बॉक्स ऑफिस विश्लेषकों का कहना है कि द केरला स्टोरी के पहले दिन के जो आंकड़े सामने आए हैं उसके हिसाब से यह फिल्म वीकेंड के दो दिनों शनिवार और रविवार को बॉक्स ऑफिस पर 17-18 करोड़ का कारोबार करते हुए अपनी लागत निकालने में सफल हो जाएगी। कहा तो यह भी जा रहा है कि 600 सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई इस फिल्म की स्क्रीन्स में भी इजाफा किया जाएगा। केरल में यह फिल्म 25 सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई है, जहाँ पर दर्शकों की माँग को देखते हुए इसे शनिवार-रविवार को 35 सिनेमाघरों तक पहुँचने की उम्मीद है। फिल्म की माउथ पब्लिसिटी शानदार है। इसी के बूते दर्शकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जयपुर के जेटीएम मॉल में स्थित आइनॉक्स सिनेमाघर के प्रबन्धक कुलविंदर सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह 9 बजे के शोज में ऑक्यूपेसी 35 प्रतिशत थी, जो दोपहर 12 बजे वाले शो में 68 प्रतिशत तक पहुँच गई। यहाँ पर फिल्म के 5 शो चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि उम्मीद है शाम 6 बजे और रात्रि 9 बजे वाले शो तक 100 प्रतिशत ऑक्यूपेसी आ जाएगी। फिल्म के प्रति दर्शकों का सकारात्मक दृष्टिकोण सामने आ रहा है। लोग इस फिल्म को द कश्मीर फाइल्स से जोड़ कर देख रहे हैं। इस हिसाब से शनिवार और रविवार को फिल्म काफी अच्छी कमाई कर सकती है। गौरतलब है कि कम बजट में बनी द कश्मीर फाइल्स ने 300 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। खास बात ये है कि इसने अक्षय कुमार और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म सेल्फी और कार्तिक आर्यन-कृति सेनन स्टारर फिल्म शहजादा के ओपनिंग डे कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। सेल्फी ने जहाँ 2.55 करोड़ की ओपनिंग ली थी, वहीं शहजादा ने 6 करोड़ रुपए का पहले दिन कारोबार किया था। यहाँ तक कि विवादों में घिरी रही और बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा कारोबार करने वाली द कश्मीर फाइल्स ने पहले दिन 3.5 करोड़ का कारोबार किया था।

# करण की शादी की तारीख का हुआ खुलासा

धर्मेंद्र के पोते और सनी देओल के लाडले करण देओल की शादी की तारीख सामने आ चुकी है। वह जल्द ही गर्लफ्रेंड द्रिशा आचार्य के साथ शादी करने वाले हैं। बॉलवुड अभिनेता धर्मेंद्र के पोते और सनी देओल के बेटे करण देओल इन दिनों अपनी शादी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। बीते दिनों खबर आई थी कि उन्होंने गुपचुप तरीके से अपनी गर्लफ्रेंड द्रिशा आचार्या के साथ सगाई कर ली है और जून के महीने में शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। इस खबर के बाद से फैंस उनकी शादी से जुड़ी जानकारी पाने के लिए उत्साहित हो गए थे। वहीं, अब करण की शादी की तारीख भी सामने आ चुकी है। चलिए आपको बताते हैं कि सनी देओल के लाडले घोड़ी कब चढ़ेंगे। देओल परिवार अपनी निजी जिंदगी को सार्वजनिक करना पसंद नहीं करते, जिस कारण वह अपने पारिवारिक समारोह भी निजी तरीके से करते हैं। करण की सगाई भी केवल परिवार के लोगों की मौजूदगी में हुई थी और अब देओल परिवार शादी को लेकर भी यही योजना बना रहा है। शादी की तारीख और रस्मों को लेकर देओल परिवार की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि द्रिशा और करण की शादी की रस्में 16 जून से शुरू हो जाएंगी और 18 जून को करण के सिर सेहरा भी सज जाएगा। कहा जा रहा है कि यह प्राइवेट शादी होगी, जिसमें परिवार के लोग और कुछ करीबी दोस्त ही शामिल होंगे। करण अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड द्रिशा के साथ मुंबई में ही सात फेरे लेंगे। वह दोनों एक दूसरे को बीते छह साल से डेट कर रहे हैं। अब जल्द ही दोनों शादी के बंधन में बंध जाएंगे।

# नीना गुप्ता ने जताई

## साउथ सिनेमा और रोमांटिक-एक्शन फिल्मों में काम करने की इच्छा



बॉलीवुड एक्ट्रेस नीना गुप्ता इन दिनों खासा सुर्खियों में हैं। पहले उन्होंने कहा कि उन्हें ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण को देखकर जलन होती है। अब उन्होंने अपने मन की इच्छा बताई है कि वो कौन से जॉनर की फिल्में करना चाहती हैं। एक्ट्रेस अब फिल्मों में बढ़िया रोल्स कर रही हैं। नीना गुप्ता का मानना है कि वह अपने करियर के सबसे अच्छे दौर में हैं और उनमें एक्साइटिंग रोल्स निभाने की कभी न खत्म होने वाली इच्छा है। नीना न केवल एक एक्शन और लव स्टोरी मूवीज करना चाहती हैं बल्कि एक साउथ इंडियन फिल्म में भी काम करना चाहती हैं। उनकी विशलिस्ट में फिल्ममेकर मणिरत्नम का नाम है, जिनकी विक्रम और ऐश्वर्या राय पोन्नियिन सेल्वन हाल ही में रिलीज हुई है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान नीना गुप्ता से पूछा गया कि वह एक एक्टर के नाते क्या करना चाहती हैं तो एक्ट्रेस ने कहा ऐसे तो कई चीजें हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें एक्शन फिल्म और एक लव स्टोरी के साथ-साथ एक हॉरर मूवी भी करनी है। इसके अलावा वो एक साउथ फिल्म भी करने की इच्छा रखती हैं क्योंकि वो पूरी तरह से अलग होती हैं। उनकी कहानियां अलग होती हैं।

### नीना गुप्ता को करनी है ऐसी फिल्में

नीना कहती हैं, मैं अभी एक्शन, लव स्टोरी, हॉरर और बहुत सारी चीजें करना चाहती हूं। मैं बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं क्योंकि मैं ऐसे बहुत से लोगों के साथ काम कर रही हूं जिनके साथ मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं काम करूंगी। मैं कुछ साउथ की फिल्में करना चाहती हूं जैसे मणिरत्नम या किसी और के साथ काम करना चाहती हूं क्योंकि वो फिल्में एकमद हटकर होती हैं और मुझे वैसा करना पसंद है।

### नीना गुप्ता हैं लीड एक्टर्स

अपने काम के बारे में बात करते हुए, नीना गुप्ता ने आगे कहा, मेरे पास लगभग आठ प्रोजेक्ट हैं और सभी रोल्स अलग हैं। यह वह नहीं है जो मैं पहले एक सपोर्टिंग एक्टर की तरह करती थी। अब मैं लीड एक्ट्रेस हूं। मेरे ऊपर पूरी फिल्म का भार उठाने की जिम्मेदारी है। यह आश्चर्यजनक है। मुझे कभी-कभी विश्वास नहीं होता कि यह सपना है या हकीकत? में उनके साथ अमीषा पटेल नजर आने वाली हैं।



# शुरू होने से पहले ही बंद हुई

## प्रभास सिद्धार्थ आनन्द की फिल्म

पठान की सफलता के बाद निर्देशक सिद्धार्थ आनंद निर्माताओं की पहली पसंद बन गए हैं। हिन्दी सिनेमा ही नहीं अपितु दक्षिण भारतीय सिने उद्योग में निर्देशक के रूप में सिद्धार्थ आनन्द की माँग बहुत ज्यादा हो रही है। बीते दिनों खबर सामने आई थी सुपरस्टार प्रभास और निर्देशक सिद्धार्थ आनंद को लेकर चल रही फिल्म एक बार फिर ट्रैक पर लौटने वाली है। इस फिल्म को बनाने के लिए पुष्पा के मेकर्स मैत्री मूवी मेकर्स ने सिद्धार्थ आनंद के साथ हाथ मिलाया है। जिसके बाद जल्दी ही ये फिल्म प्री-प्रोडक्शन फेज में पहुंचेगी। लेकिन अब यह फिल्म कभी बनने की उम्मीद नहीं रही है। खबर है कि निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने खुद इस फिल्म को करने से मना कर दिया है। यही नहीं, निर्देशक ने प्रभास स्टारर फिल्म के लिए निर्माताओ से लिया एडवांस चेक भी वापस कर दिया है। पिंकविला की एक रिपोर्ट की मानें तो करीबी सूत्र ने कहा, वास्तव में, सिद्धार्थ ने निर्माताओं से लिया एडवांस फीस का चेक भी लौटा दिया है। मैत्री और सिद्धार्थ ने फिलहाल किसी और फिल्म पर भविष्य में दोबारा काम करने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक करीबी सूत्र ने बताया, सिद्धार्थ और प्रभास इस वक्त इंडस्ट्री के दो सबसे बिजी स्टार हैं। दोनों की डायरीज अगले कुछ सालों तक बुक हैं। दोनों एक कॉमन विंडो पर आकर साथ काम करने का वक्त नहीं निकाल पाए हैं। प्रभास इन दिनों आदिपुरुष के बाद सालार, प्रोजेक्ट के और राजा डीलक्स जैसी बिग बजट फिल्मों में बिजी हैं। वहीं, सिद्धार्थ आनंद इन दिनों ऋतिक रोशन की फाइटर को पूरा करने में लगे हुए हैं। इसके बाद वे यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म टाइगर बनाम पठान को शुरू करेंगे। साथ ही साथ वे ऋतिक रोशन की फ्रेंचाइजी फिल्म कृष-4 को बतौर निर्माता शुरू करने जा रहे हैं। वहीं वे दूसरी तरफ अपने बैनर की पहली निर्मित फिल्म फाइटर-2 के काम को भी शुरू करने की योजना बना रहे हैं। ऐसे में दोनों व्यक्ति तारीखों का तालमेल नहीं बैठा पा रहे थे, जिसके चलते सिद्धार्थ आनन्द ने प्रभास की मैथ्री मूवी मेकर्स की फिल्म से अपने आप को अलग कर लिया।



# खतरों के खिलाड़ी शो मेरे लिए एड्रेनालाईन रश की तरह

हिंदी एंटरटेनमेंट शोबिज में अपने 29 साल के लंबे सफर में लोकप्रिय एक्टर रोहित रॉय पहली बार किसी रियलिटी शो में नजर आएंगे। वह खतरों के खिलाड़ी के 13वें सीजन में भाग ले रहे हैं, जिसे वह एक रियलिटी शो के रूप में नहीं बल्कि एड्रेनालाईन रश के रूप में देखते हैं। रोहित ने अपने करियर में टीवी शो, फिल्मों और वेब सीरीज में काम किया है, जहां आमतौर पर अभिनेताओं को रिहर्सल करने और स्टंट करने के लिए फिर से काम करना पड़ता है। हालांकि, फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो में यह संभव नहीं है। बात करते हुए रोहित ने कहा, बहुत घबराहट होती है। हम स्क्रीन पर हीरो हो सकते हैं और मैंने अपनी फिल्मों में अपने सभी स्टंट खुद किए हैं, यही वजह है कि मेरे शरीर की लगभग हर दूसरी हड्डी में चोट लगती रहती है। लेकिन इस तरह के बहुत से स्टंट पल भर में हो जाते हैं और बिना रिहर्सल और प्रशिक्षण के, हर कोई घबरा जाएगा। मैं घबरा गया हूं। किस चीज ने उन्हें एक रियलिटी शो में आने के लिए प्रेरित किया? इसके जवाब में एक्टर ने कहा, मैं कभी भी रियलिटी शो का हिस्सा नहीं बनना चाहता था क्योंकि ऐसा कुछ नहीं है जिसे करने में मुझे मजा आता है। पिछले 20 सालों से मैं रियलिटी शो होस्ट कर रहा हूं लेकिन खतरों के खिलाड़ी सिर्फ एक रियलिटी शो नहीं है। यह कुछ ऐसा है जिसे आप अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा यह मजेदार है और इसमें वे सभी चीजें हैं जो मेरी बकेट लिस्ट में हैं। यहां मुझे